# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

रांची, मंगलवार, 17 दिसंबर 2024

संवत 2081, पौष कृष्ण दो- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 101 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ बोरवेल में अटकती मासूम सांसें

कोहली को गावस्कर की सलाह सचिन की सिडनी की पारी से सीखें ◂◂ 6







# हाईकोर्ट ने जेएसएससी- सीजीएल परीक्षा का रिजल्ट जारी करने पर लगाई रोक




मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट में आज मंगलवार को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त स्नातक स्तरीय (जेएसएससी सीजीएल) परीक्षा पेपर लीक मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच कराने की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान झारखंड हाईकोर्ट ने सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 का परीक्षाफल प्रकाशन करने पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। अदालत ने कहा है कि जब तक कोर्ट आदेश नहीं देता, तब तक रिजल्ट जारी ना किया जाये। मंगलवार को अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक होने के संबंध में दर्ज शिकायत पर परीक्षा संचालन अधिनियम 2023 के तहत पुलिस एफआईआर दर्ज करें और अनुसंधान कर रिपोर्ट दें। इस संबंध में राजेश कुमार की ओर से जनहित याचिका दायर की गयी है। इस मामले की अगली सुनवाई अब 22 जनवरी 2025 को होगी। खररउ की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल और प्रिंस कुमार ने बहस की। प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने बहस की।

**डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के बीच आया हाईकोर्ट का फैसला** : जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में कथित पेपर लीक मामले में आज मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा को रद्द करने की मांग की गई है। याचिकर्ता प्रकाश कुमार और अन्य ने याचिका दाखिल कर मामले की सीबीआई जांच कराने की भी मांग की है।

**कल सोमवार से जारी है डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन:** एक तरफ कोर्ट में पेपर लीक मामले को लेकर सुनवाई हो रही होगी तो वहीं दूसरी तरफ सोमवार से परीक्षा में सफल हुए अभ्यर्थियों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन शुरू हो गया है। इस बीच सोमवार को छात्रों ने परीक्षा को रद्द करने के लिए विरोध प्रदर्शन किया। इस बाद पुलिस ने प्रदर्शन को रोकने के लिए लाठीचार्ज भी किया। इसमें जेएलकेएम नेता देवेंद्रनाथ महतो को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

छात्र लगातार कर रहे परीक्षा रद्द करने की मांगः बता दें, 21 और 22 सितंबर 2024 को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने पूरे राज्य में सीजीएल परीक्षा आयोजित की थी। परीक्षा हो जाने के बाद से ही छात्रों ने इस परीक्षा को कटघरे में खड़ा कर दिया और पेपर लीक को लेकर सवाल उठाए थे। इसके बाद छात्र ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और परीक्षा रद्द करने की मांग थी।

# लोकसभा में एक देश, एक चुनाव बिल पेश

**● कांग्रेस इसे वापस ले सरकारः कांग्रेस ● सपा ने कहा- देश में तानाशाही लाने की कोशिश**







**नई दिल्ली :** लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने को लेकर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में एक राष्ट्र, एक चुनाव संविधान संशोधन विधेयक मंगलवार को लोकसभा में पेश किया । इसका विरोध विपक्ष की ओर से किया गया। समाजवादी पार्टी के सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा, हमारी पार्टी इस विधेयक का विरोध करती है। यह संविधान के मूल ढांचे पर हमला है। कई संविधान निर्माताओं और न्यायालय ने कहा है कि किसी को भी मूल ढांचे को बदलने का अधिकार नहीं है। यह विधेयक संविधान के खिलाफ है।

**एक राष्ट्र, एक चुनाव विधेयक वापस ले सरकार:** सांसद कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव विधेयक संविधान के मूल ढांचे के सिद्धांत पर हमला है। विधेयक का प्रस्तुतीकरण और विचार इस सदन की विधायी क्षमता से परे है, सरकार से इसे वापस लेने का आग्रह करता हूं।

**विधेयक संविधान के मूल ढांचे पर प्रहार :** कल्याण बनर्जी

टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा, एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक संविधान के मूल ढांचे पर प्रहार करता है। अनुच्छेद 82 और उप-अनुच्छेद 5 चुनाव आयोग को सारी शक्ति दे रहा है। हमेशा एक पार्टी कभी शासन नहीं कर सकती।

**विधेयक में क्या कहा गया है?** : 13 दिसंबर की रात विधेयक की प्रति सामने आई। इसके अनुसार, यदि लोकसभा या किसी राज्य की विधानसभा अपने पूर्ण कार्यकाल की समाप्ति से पहले भंग हो जाती है, तो ऐसे में उस विधानसभा के शेष 5 वर्ष के कार्यकाल को पूरा करने के लिए ही मध्यावधि चुनाव कराए जाएंगे। विधेयक में अनुच्छेद 82(ए) (लोकसभा और सभी विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव) जोड़ने और अनुच्छेद 83 (संसद के सदनों की अवधि), 172 और 327 (विधानसभाओं के चुनावों के संबंध में प्रावधान करने की संसद की शक्ति) में संशोधन करने का सुझाव इसमें दिया गया है।

# जॉर्जिया में 11 भारतीयों की मौत, माउंटेन रिजॉर्ट के बेडरूम में मिली सभी की लाशें

**नई दिल्ली:** जॉर्जिया के गुडौरी पर्वतीय रिजॉर्ट में 12 लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतकों में 11 भारतीय थे और एक स्थानीय नागरिक था। इस मामले के बाद जॉर्जिया के आंतरिक मामलों के मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रारंभिक निरीक्षण में किसी भी तरह की चोट या हिंसा के कोई संकेत नहीं मिले। इस मामले में स्थानीय मीडिया का कहना है कि सभी पीड़ित कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता से मर गए। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में इस बात की जानकारी दी है। वहीं, जॉर्जिया के आंतरिक मामलों के मंत्रालय के बयान में कहा गया कि मृतकों में 11 विदेशी थे,जबकि एक पीड़ित उसका नागरिक था। इस बयान में कहा गया है कि सभी पीड़ितों के शव, जो उसी भारतीय रेस्तरां के कर्मचारी थे, रेस्तरां की दूसरी मंजिल पर बेडरूम में पाए गए।

## छपरा-मथुरा एक्सप्रेस ट्रेन के इंजन में लगी आग, यात्रियों में हड़कंप, बड़ा हादसा टला



**देवरिया :** जिले में आज सुबह छपरा-मथुरा एक्सप्रेस ट्रेन की एक सामान्य बोगी में ब्रेक जाम होने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। घटना बैतालपुर-गौरीबाजार रेलवे स्टेशन के बीच पुजारभिंडा गांव के पास हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रेन देवरिया सदर रेलवे स्टेशन से रवाना हुई थी। पोखरभिंडा गांव के पास एक बोगी के पहिए से धुआं निकलना शुरू हो गया। लोको पायलट ने तुरंत ट्रेन रोक दी। आरपीएफ इंस्पेक्टर आस मोहम्मद ने बताया कि ब्रेक बाइंडिंग के कारण यह घटना हुई। तकनीकी खराबी का पता चलते ही ट्रेन को रोक दिया गया और ब्रेक ठीक करने के बाद करीब 30 मिनट के विलंब से ट्रेन को मथुरा के लिए रवाना किया गया। इस घटना से ट्रेन में सवार यात्रियों में काफी भय व्याप्त हो गया। हालांकि, किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है।

# प्रियंका गांधी ने थैला उठाकर की बांग्लादेश के हिंदुओं की रक्षा की मांग




**नई दिल्ली:** संसद का सत्र शुरू होने से पहले मंगलवार को विपक्षी सांसदों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन के बाद यदि किसी की ज्यादा चर्चा हो रही है तो उनका नाम कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी का है। वह आज भी एक थैला लेकर सदन पहुंचीं हैं। इसपर लिखा है- बांग्लादेश के हिंदुओं और ईसाईयों के साथ खड़े हों। सोमवार को प्रियंका ने मामले को सदन में उठाया था। उन्होंने कहा कि विजय दिवस आज है। मैं सेना और देश की जनता का नमन करती हूं।

लोकसभा में क्या बोलीं प्रियंका गांधी? संसद के शून्य काल में लोकसभा में कांग्रेस सांसद ने कहा था कि बांग्लादेश में हिंदुओं और ईसाई अल्पसंख्यकों पर जो अत्याचार हो रहा है, उसके खिलाफ सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए। दुख की बात है कि सेना के हेडक्वार्टर में से वह तस्वीर हटा दी गई है जिसमें पाकिस्तान की सेना भारतीय सेना के सामने आत्मसमर्पण कर रही है। वह तस्वीर भारत के नेतृत्व की और सैन्य पराक्रम की ऐतिहासिक तस्वीर है, उसे वापस उसी स्थान पर लगाया जाए।

फिलिस्तीन लिखा बैग लेकर पहुंचीं प्रियंका गांधीः सोमवार को प्रियंका गांधी जब संसद भवन में प्रवेश कर रही थीं, तो उनके बैग में फिलिस्तीन लिखा हुआ था। इसके बाद बीजेपी की प्रतिक्रिया सामने आई। बीजेपी ने कांग्रेस सांसद पर कटाक्ष किया। वायनाड से सांसद प्रियंका ने बताया कि फिलिस्तनी लोगों के प्रति एकजुटता प्रकट करने के लिए वो थैला लेकर पहुंचीं थी।

# संभल : 46 साल पुराने मंदिर में कुएं की खुदाई, मिलीं मां पार्वती, गणेश और कार्तिकेय की प्राचीन मूर्तियां



**संभल :** उत्तर प्रदेश के संभल में हाल ही में खोले गए 46 साल पुराने शिव मंदिर से लगातार चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। पहले जहां मंदिर में शिवलिंग और हनुमान जी की मूर्ति मिली थी, वहीं अब मंदिर के परिसर में मौजूद कुएं की खुदाई के दौरान मां पार्वती, गणेश जी और कार्तिकेय जी की प्राचीन मूर्तियां मिली हैं। जिला प्रशासन द्वारा मंदिर के पुनर्निर्माण के दौरान कुएं की सफाई का काम शुरू किया गया था। इस दौरान मिट्टी हटाने पर ये तीनों मूर्तियां मिलीं। इनमें से एक मूर्ति संगमरमर की है और कार्तिकेय जी की मानी जा रही है। हालांकि, अन्य दो मूर्तियां थोड़ी खंडित अवस्था में मिली हैं।

मिली हुई मूर्तियों की प्राचीनता का पता लगाने के लिए पुरातत्व विभाग को सूचित कर दिया गया है। जल्द ही इन मूर्तियों की कार्बन डेटिंग कराई जाएगी ताकि इनकी सही उम्र का पता चल सके। डिप्टी एसपी अनुज चौधरी ने बताया कि मंदिर से मिली सभी मूर्तियों को सुरक्षित रख लिया गया है। कुएं की खुदाई का काम फिलहाल रोक दिया गया है और कुएं को ढक दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस खोज से इतिहासकारों और पुरातत्वविदों के लिए एक नया अध्याय खुल गया है।

यह मंदिर 1978 से बंद पड़ा था। स्थानीय लोगों के अनुसार, 1978 में हुए सांप्रदायिक दंगों के बाद से इस मंदिर को बंद कर दिया गया था। मंदिर के पुनर्निर्माण के बाद इसे 15 दिसंबर को फिर से खोला गया था। लोगों द्वारा आज सोमवार को तीसरे दिन भगवान शिव का जलाभिषेक कर आरती की गई। इसके बाद हनुमान जी की आरती भी की गई। वही मंदिर में भक्तों की भीड़ जुटना भी शुरू हो गई है। संभल की एसडीएम वंदना मिश्रा ने बताया था कि हम विद्युत चोरी के खिलाफ अभियान चला रहे थे और जगह-जगह जाकर चेक कर रहे थे, तो इस स्थान पर भी पहुंचे। यहां पर एक मंदिर दिखाई दिया। इसके बाद मैंने जिलाधिकारी से इस मंदिर को खोलने की अनुमति ली और अब हम सभी लोग इस मंदिर का निरीक्षण करने के लिए यहां आए हैं। मंदिर के अंदर हनुमान जी की मूर्ति और शिवलिंग पाए गए, जिन्हें स्थानीय लोगों ने बताया कि यह मंदिर 1978 से बना हुआ है।

## सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:
अटल बिहारी वाजपेय

## बदलते अब्दुल्ला

**जम्मू-** कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस की तरफ से ईवीएम को लेकर की जा आपत्ति पर सवाल उठा दिया। उन्होंने कहा, कांग्रेस को इवीएम का रोना बंद कर, चुनाव नतीजों को कुबूलना चाहिए। अब्दुल्ला ने कहा, जब आपको संसद में सौ से ज्यादा सदस्य मिलते हैं तो इसे जीत के रूप में उत्साहित होते हैं। कुछ महीनों बाद जब परिणाम आपके पक्ष में नहीं आए तो पलट कर उन्हें दोष नहीं दे सकते। उन्होंने कहा अगर ईवीएम समस्या है, तो आपको लगातार समस्या होनी चाहिए। एक समाचार एजेंसी को दिए साक्षात्कार में अब्दुल्ला ने क्रांगेस के खिलाफ जाते हुए नये संसद भवन की तारीफ की। उनके विचारों से स्पष्ट है कि उनकी पार्टी नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस के बीच दरारें आ रही हैं। उन्होंने इंड़िया गठबंधन के तौर पर कांग्रेस की भूमिका पर सवाल करते हुए कहा कि संसद में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी होने के कारण उसे लोक सभा व राज्य सभा दोनों जगह विपक्ष के नेता की जिम्मेदारी भी मिली है। इस पर दूसरे दल दावा नहीं कर सकते। इससे पहले भी इंड़िया गठबंधन की दो प्रमुख दल सपा व टीएमसी अड़ानी मुद्दे पर कांग्रेस के प्रदर्शन में साथ नहीं आए। मायावती एक देश,एक चुनाव को लेकर सरकार के पक्ष में आ चुकी हैं। उधर गठबंधन में ममता बनर्जी को नेतृत्व की कमान देने जैसी बातें भी जोरझ्रशोर से उठ रही हैं। जिसका समर्थन लालू यादव भी कर चुके हैं। अब अब्दुल्ला के भाजपा के सुर में बोलने को इसी फूट से जोड़ा जा सकता है। भले ही वह इसे अपनी स्वतंत्र सोच का उदाहरण कह रहे हैं। केंद्र सरकार भी विपक्ष द्वारा इवीएम पर उंगली उठाए जाने पर यही दलील देती है। क्षेत्रीय दलों के साथ कांग्रेस का गठजोड़.कमजोर पड़ता नजर आ रहा है। गठबंधन की राजनीति के अपने कुछ कायदे हैं। कांग्रेस जिनकी अनदेखी करती रही है। उसे बिखरने से बचाने की उम्मीद में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने भी कहा है कि कांग्रेस को नेतृत्व का मोह छोड़ना होगा। अय्यर ने कांग्रेस को आगे बढ़ने के लिए सभी दलों को उचित सम्मान देने की भी सलाह दी। मोदी को चुनौती देने और सरकार के खिलाफ सभी विपक्षी दलों को एकजुट रहने के प्रयास कमजोर पड़ते जा रहे हैं। संसदीय चुनाव में इस गठबंधन ने मोदी सरकार को कड़ी टक्कर देकर काफी उम्मीदें बढ़ा ली थी। जो हरियाणा व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव तक काफूर हो गई। यदि कांग्रेस ने अपना रवैया नहीं बदला तो सहयोगी दलों की यह अनदेखी उसको भारी पड़. सकती है।

## हिंसा तो छोड़नी होगी

**केंद्र** सरकार नक्सलियों के खात्मे के लिए प्रतिबद्ध है। इस बात के लिए सरकार की सराहना तो करनी ही चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का यह कथन बेहद महत्वपूर्ण माना जाना चाहिए कि नक्सलियों को अगर शांति के साथ जीवन बिताना है तो उन्हें हथियार छोड़. मुख्यधारा में लौटना होगा। जब से केंद्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार सत्तासीन हुई है तभी से नक्सलियों के समूल नाश के लिए सरकार की प्रतिबद्धता परिलक्षित हुई है। पिछली कई मुठभेड़. में नक्सलियों को भारी चोट पहुंची है और उन्हें एक सीमित इलाके में रहने को मजबूर किया गया है। यह इस बात का द्योतक है कि सरकार ने नक्सलियों पर पूरी तरह से लगाम कसने का मन बना लिया है। आंकड़ों की बात करें तो एक वर्ष में 287 नक्सलियों को सुरक्षा बलों ने मुठभेड़. में ढेर कर दिया तो 837 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। यह इस बात का प्रमाण है कि सरकार अब देश के दुश्मनों को बख्शने के मूड़ में नहीं है। वैसे भी नक्सली होने की आड़. में इन्होंने जितना नुकसान समाज और देश का पहुंचाया है उतना किसी और संगठन ने नहीं पहुंचाया है। बहरहाल, सरकार की मंशा नक्सलियों को बढ़ने देने की नहीं दिखती है। चार दशक में पहली बार ऐसा हुआ है कि नक्सली हिंसा में मारे गए आम नागरिकों और सुरक्षा बलों की संख्या 100 से कम रही है। पिछले दस वर्षों में तुलनात्मक रूप से माओवादी हिंसा में बलिदान होने वाले सुरक्षाकर्मियों की संख्या में 73 प्रतिशत और नागरिकों की मृत्यु में 70 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। दरअसल, केंद्र में मौजूद मोदी सरकार ने माओवादियों की आड़. में समाज में हिंसा फैलाने और देश में विकास कार्यों को नुकसान पहुंचाने की साजिश को वक्त रहते समझ लिया और इसके खात्मे की प्रतिबद्धता दिखाई। हालांकि नक्सलियों की गांव- देहात तक में पहुंच और कथित तौर पर बनाई गई रॉबिनहुड़ की छवि से सरकार और सुरक्षा एजेंसियों को भारी दुश्वारियों का सामना करना पड़ा। मगर अंततः दूरदराज के भोले-भाले लोगों को यह बात समझ में आ गई कि उनकी प्रगति में सबसे बड़ी बाधा ये नक्सली हैं। लिहाजा, सरकार को भी नक्सलियों के खिलाफ एक्शन लेने में आसानी हुई। बहरहाल, मोदी सरकार ने जिस तरह नक्सलियों को समाज की मुख्यधारा में आने का न्योता दिया है। उससे उम्मीद की जानी चाहिए कि हालात बदलेंगे।

# बोरवेल में अटकती मासूम सांसें

ऐसे हादसों में बहुत ही कम बच्चों या लोगों को बचाने में सफलता मिलती है। इसलिए खेतों में बोरवेल के खुले होने को लेकर देशव्यापी बहस छेड़े जाने की सख्त जरूरत महसूस होने लगी है। एनडीआरएफ की एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में कई बच्चे बोरवेल में गिर चुके हैं, लेकिन उन्हें बचाने में 70 प्रतिशत रेस्क्यू ऑपरेशन नाकाम रहे हैं। ऐसे हादसों को लेकर सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि मासूम बच्चों की समाधि बनते इन बोरवेल हादसों को लेकर समाज से लेकर पूरा सिस्टम आखिर कब गंभीर होगा? एनडीआरएफ के मुताबिक बोरवेल उपयोग के मामले में भारत पूरी दुनिया में नंबर-1 पर है और बोरवेल से जुड़े अधिसंख्य हादसों में छोटे बच्चे ही शिकार बनते हैं।

**देश** के विभिन्न हिस्सों में खुले बोरवेल मासूम बच्चों के लिए लगातार काल बन रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में ही सैंकड़ों बच्चे बोरवेल में समाकर दम तोड़ चुके हैं, लेकिन ऐसे हादसों पर लगाम कसने में सफलता नहीं मिल रही है। केवल राजस्थान के दौसा जिले में ही साढ़े तीन महीने में चार बोरवेल हादसे सामने आ चुके हैं, लेकिन न तो लोग ऐसे हादसों को लेकर चेतने को तैयार हैं, न ही प्रशासन की नींद टूट रही है। 28 अगस्त को दौसा के एक गांव में 45 वर्षीय किसान रामनिवास मीणा अपने ही खेत में बोरवेल में गिरकर मौत के आगोश में समा गया था। 18 सितंबर को दौसा के जोधपुरिया गांव में 2 साल की बच्ची नीरू अचानक 600 फीट गहरे बोरवेल में गिर गई थी जिसे एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों ने ऑपरेशन चलाकर बोरवेल के पास 35 फीट गहरा गड्ढा खोदकर सुरक्षित बाहर निकाल लिया था। 25 अक्तूबर को दौसा के मंडावरी गांव में 44 साल का एक किसान हेमराज गुर्जर अपने खेत में काम करते हुए 150 फीट गहरे बोरवेल में गिरकर 32 फीट की गहराई पर फंस गया था, जिसे रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद भी बचाया नहीं जा सका। 9 दिसंबर को दोपहर 3 बजे दौसा के ही कालीखाड़ गांव में 5 साल का आर्यन अपने घर के पास एक खेत में बने 160 मीटर गहरे पुराने बोरवेल में गिरकर 147 मीटर पर अटक गया था, जिसे बचाने के लिए राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर की आपदा प्रबंध टीमें दो दिन से भी ज्यादा समय तक मशक्कत करती रही, लेकिन आर्यन को बचाया नहीं जा सका। बीते कुछ ही वर्षों में बोरवेल के ऐसे हादसों में कई मासूम दर्दनाक मौत की नींद सो चुके हैं। विडंबना है कि ऐसे हादसों को रोकने के लिए समाज में कहीं कोई जागरूकता नजर नहीं आती।

ऐसे हादसों में बहुत ही कम बच्चों या लोगों को बचाने में सफलता मिलती है। इसलिए खेतों में बोरवेल के खुले होने को लेकर देशव्यापी बहस छेड़े जाने की सख्त जरूरत महसूस होने लगी है। एनडीआरएफ की एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में कई बच्चे बोरवेल में गिर चुके हैं, लेकिन उन्हें बचाने में 70 प्रतिशत रेस्क्यू ऑपरेशन नाकाम रहे हैं। ऐसे हादसों को लेकर सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि मासूम बच्चों की समाधि बनते इन बोरवेल हादसों को लेकर समाज से लेकर पूरा सिस्टम आखिर कब गंभीर होगा? एनडीआरएफ के मुताबिक बोरवेल उपयोग के मामले में भारत पूरी दुनिया में नंबर-1 पर है और बोरवेल से जुड़े अधिसंख्य हादसों में छोटे बच्चे ही शिकार बनते हैं, जिनमें से महज 30 प्रतिशत बच्चों के ही सुरक्षित बाहर निकाले जाने की संभावना होती है। बोरवेल में गिरने के करीब 92 प्रतिशत मामलों में 10 वर्ष से कम आयु के बच्चे ही होते हैं। एनडीआरएफ की एक रिपोर्ट के अनुसार बोरवेल के पानी से शहरी और औद्योगिक जरूरतों की करीब 50 फीसदी पूर्ति होती है। इसके अलावा बोरवेल के पानी से कृषि संबंधी करीब 55 फीसदी जरूरतें पूरी होती हैं। यही नहीं, ग्रामीण क्षेत्र तो पानी की अपनी जरूरतों के लिए 80 फीसदी से भी ज्यादा बोरवेल पर ही निर्भर हैं। आंकड़े देखें तो भूगर्भ जल विभाग के अनुमान के अनुसार देशभर में करीब 2.7 करोड़ बोरवेल हैं, लेकिन सक्रिय बोरवेल की संख्या, अनुपयोगी बोरवेल की संख्या और उनके मालिक का राष्ट्रीय स्तर पर कोई डाटाबेस नहीं है और चिंता की बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणियों के बावजूद सिस्टम भी ऐसे हादसों को लेकर गंभीर नहीं है। यही कारण है कि सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों, कानूनी संशोधनों और तमाम सख्ती के बावजूद ऐसे हादसे रुक नहीं रहे। बोरवेल खुदाई को लेकर अलग-अलग राज्यों के हाईकोर्ट के भी कई निर्देश हैं और इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट कह चुका है कि नियमों का पालन कराने की जिम्मेदारी कलेक्टर की होगी, जो सुनिश्चित करेंगे कि केन्द्रीय या राज्य की एजेंसी द्वारा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी मार्गदर्शिका का सही तरीके से पालन हो। तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश एसएच कपाडि?ा, जस्टिस राधाकृष्णन और जस्टिस स्वतंत्र कुमार की सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने बच्चों को गंभीर बोरवेल हादसों से बचाने के लिए एक रिट पिटीशन पर सुनवाई कर 6 अगस्त 2010 को एक आदेश पारित किया था और उसी समय से यह फैसला देशभर में लागू है, लेकिन इसका सही तरीके से पालन कराया जाना आज तक सुनिश्चित नहीं किया गया है।

विडंबना है कि सुप्रीम कोर्ट के सख्त दिशा-निदेर्शों के बावजूद कभी ऐसे प्रयास होते नहीं दिखे, जिससे ऐसे मामलों पर अंकुश लग सके। सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निदेर्शों के अनुसार बोरवेल की खुदाई से पहले कलेक्टर अथवा ग्राम पंचायत को लिखित सूचना देनी होगी। खुदाई करने वाली सरकारी, अर्द्धसरकारी संस्था या ठेकेदार का पंजीयन होना चाहिए। बोरवेल खुदवाने के कम से कम 15 दिन पहले डीएम, ग्राउंड वाटर डिपार्टमेंट, स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम को सूचना देना अनिवार्य है। बोरवेल की खुदाई वाले स्थान पर साइन बोर्ड लगाया जाना चाहिए और खुदाई के दौरान आसपास कंटीले तारों की फेंसिंग की जानी चाहिए तथा फेंसिंग पाइप के चारों ओर सीमेंट अथवा कंक्रीट का 0.3 मीटर ऊंचा प्लेटफार्म बनाना चाहिए। बोरवेल के मुहाने पर स्टील की प्लेट वेल्ड की जाएगी या उसे नट-बोल्ट से अच्छी तरह कसना होगा। बोरवेल की खुदाई पूरी होने के बाद खोदे गए गड्ढे और पानी वाले मार्ग को समतल किया जाएगा। खुदाई अधूरी छोड़ने पर मिट्टी, रेत, बजरी, बोल्डर से बोरवेल को जमीन की सतह तक भरा जाना चाहिए। अदालत के इन दिशा-निदेर्शों का पालन कहीं होता नहीं दिख रहा और न ही नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई होती दिखती है। हालांकि कोई भी बोरवेल हादसा होने के बाद प्रशासन द्वारा बोरवेल खुला छोड़ने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर सख्ती की बातें हर बार दोहरायी जाती हैं, लेकिन बार-बार सामने आते ऐसे हादसे यह समझने के लिए पर्याप्त हैं कि सख्ती की ये बातें कोई अप्रिय घटना सामने आने पर लोगों के उपजे आक्रोश के शांत होने तक ही बरकरार रहती हैं। देश में प्रतिवर्ष औसतन 50 बच्चे बेकार पड़े खुले बोरवेलों में गिर जाते हैं,

# साइबर क्राइम से निजी जानकारी-सुरक्षा को खतरा

प्रधानमंत्री मोदी का देशवासियों से आग्रह है कि जब भी कोई कॉल आए तो घबराने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि रुको, सोचो, फिर एक्शन लो। इस क्रम को अपनाने की आवश्यकता है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2022 में साइबर क्राइम के 65893 मामले देश भर में दर्ज किए गए हैं। साल 2021 में 52974 मामले दर्ज किए गए थे। इस तरह एक साल के दौरान साइबर अपराध में 24.4 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। इनमें भी करीब 65 फीसदी मामले धोखाधड़ी के ही हैं। यानी 65893 मामलों में 42710 धोखाधड़ी के मामले हैं, जबकि 3648 मामले जबरन उगाही के हैं। 2023 व 2024 में भी स्थिति कोई संतोषजनक नहीं, बल्कि ये छलांग मार कर तेज गति से बढ़ रहे हैं। भारत में उभरती साइबर सुरक्षा चुनौतियों के लिए निरंतर नवाचार और तत्परता की आवश्यकता है। साइबर सुरक्षा में विशेषज्ञता रखने वाली संस्थाओं और स्टार्टअप्स के साथ साझेदारी करने से नए विचार और विशेष विशेषज्ञता सामने आ सकती है। यह समग्र दृष्टिकोण न केवल व्यवसायों और व्यक्तियों की सुरक्षा करेगा, बल्कि भारत के डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र के समग्र विकास में भी योगदान देगा।

**मनोज डोगरा**

**वर्तमान** युग तकनीकी व साइबर विकास का है, प्रौद्योगिक क्रांति का है। अनेक कार्य तकनीक की सहायता से सुगम हो चुके हैं। सभी कार्य आसानी से घर बैठे सम्पन्न हो जाया करते हैं। बाजार की पहुंच भी घर तक सुनिश्चित हो चुकी है, लेकिन इसी क्रम में अपराधियों की पहुंच भी सीधे घर तक हो गई है। पलक झपकते ही अपराधी अपने मंसूबों को अंजाम दे डालते हैं। भारत जहां विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, मगर दूसरी तरफ अपराधी भी अपना तकनीकी विकास कर धड़ल्ले से लोगों की मेहनत की कमाई उड़ा रहे हैं। तकनीक में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराध ने लोगों की निजी जानकारी और सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। साइबर अपराध के कई प्रकार हैं, चाहे वो जानकारी चोरी करना हो, हैकिंग हो, फिशिंग हो, वायरस फैलाना हो, सॉफ्टवेयर पाइरेसी, फर्जी बैंक कॉल, सोशल नेटवर्किंग साइटों पर अफवाह फैलाना व साइबर बुलिंग इत्यादि हो। इस प्रकार के अपराधों में निरंतर वृद्धि चिंताजनक है। जिस देश का प्रधानमंत्री स्वयं मन की बात जैसे देशव्यापी कार्यक्रम के माध्यम से चिंता व्यक्त कर इससे बचने हेतु आगाह कर रहा हो, सोचिए वो कितनी बड़ी समस्या बनती जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी का देशवासियों से आग्रह है कि जब भी कोई कॉल आए तो घबराने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि रुको, सोचो, फिर एक्शन लो। इस क्रम को अपनाने की आवश्यकता है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2022 में साइबर क्राइम के 65893 मामले देश भर में दर्ज किए गए हैं। साल 2021 में 52974 मामले दर्ज किए गए थे। इस तरह एक साल के दौरान साइबर अपराध में 24.4 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। इनमें भी करीब 65 फीसदी मामले धोखाधड़ी के ही हैं। यानी 65893 मामलों में 42710 धोखाधड़ी के मामले हैं, जबकि 3648 मामले जबरन उगाही के हैं। 2023 व 2024 में भी स्थिति कोई संतोषजनक नहीं, बल्कि ये छलांग मार कर तेज गति से बढ़ रहे हैं। भारत में उभरती साइबर सुरक्षा चुनौतियों के लिए निरंतर नवाचार और तत्परता की आवश्यकता है। साइबर सुरक्षा में विशेषज्ञता रखने वाली संस्थाओं और स्टार्टअप्स के साथ साझेदारी करने से नए विचार और विशेष विशेषज्ञता सामने आ सकती है। यह समग्र दृष्टिकोण न केवल व्यवसायों और व्यक्तियों की सुरक्षा करेगा, बल्कि भारत के डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र के समग्र विकास में भी योगदान देगा। भारत भर में एक परेशान करने वाली घटना सामने आई है, जिसमें साइबर धोखाधड़ी ग्रामीण इलाकों में सीमित डिजिटल जानकारी रखने वाले लोगों से लेकर शहरी इलाकों में तकनीकी रूप से दक्ष लोगों तक को अंधाधुंध तरीके से निशाना बना रही है। भारत आज भले ही डिजिटल विकास के छोर पर आकर बैठा है, लेकिन कंपनियों को सुनिश्चित करना है कि वे डिजिटल विकास से आने वाले अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार हैं भी या नहीं। ऐसा करने का एकमात्र तरीका यह सुनिश्चित करना है कि कंपनी व बोर्ड के एजेंडे में साइबर सुरक्षा सर्वोपरि हो ताकि डिजिटल संग्रह की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। भले मानने योग्य है कि जागरूकता की कमी है, लेकिन हैकर सब कुछ इस तरीके से करते हैं कि आपकी जागरूकता धरी की धरी रह जाती है। इसमें सुरक्षा उपायों की कमी महसूस होती है। सरकार व प्रशासन अपने स्तर पर हरसंभव प्रयास कर रहे हैं, लेकिन इसका सबसे महत्वपूर्ण व आवश्यक इलाज जागरूकता ही प्रतीत होती है। साइबर अपराध एक सामान्य शब्द है जो कंप्यूटर, नेटवर्क या डिजिटल उपकरणों के किसी अन्य सेट का उपयोग करके की जाने वाली असंख्य आपराधिक गतिविधियों का वर्णन करता है। साइबर अपराध को साइबर अपराधियों द्वारा की जाने वाली अवैध गतिविधियों की विशाल श्रृंखला के अंतर्गत माना जाता है। इनमें हैकिंग, फिशिंग, पहचान की चोरी, रैनसमवेयर और मैलवेयर हमले, कई अन्य शामिल हैं। साइबर अपराध की पहुंच कोई भौतिक सीमा नहीं जानती। अपराधी, पीड़ित और तकनीकी अवसंरचना दुनिया भर में फैली हुई है। व्यक्तिगत और उद्यम स्तर पर सुरक्षा कमजोरियों का फायदा उठाने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग के साथ, साइबर अपराध कई रूप लेता है और लगातार विकसित होता रहता है। बदले में, साइबर अपराधों की प्रभावी जांच, मुकदमा चलाने और उन्हें रोकने की क्षमता कई गतिशील चुनौतियों के साथ एक सतत लड़ाई है। साइबर अपराध व्यक्तियों, व्यवसायों और सरकारी संस्थाओं के लिए एक गंभीर खतरा हैं और इसके परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण वित्तीय नुकसान, प्रतिष्ठा को नुकसान और रिकॉर्ड से समझौता हो सकता है। जैसे-जैसे तकनीक आगे बढ़ती है और अधिक से अधिक लोग मानक संचालन के लिए डिजिटल उपकरणों और नेटवर्क पर निर्भर होते हैं, साइबर अपराध का खतरा बढ़ता जा रहा है। इनसे बचाव के लिए कदम उठाना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। साइबर अपराधों से जुड़ी कुल लागत और जोखिम लगातार बढ़ रहे हैं। इसलिए रोकथाम प्रणालियों और प्रौद्योगिकियों को लगातार लागू करने, निगरानी करने और अपग्रेड करने की आवश्यकता भी बढ़ रही है। विदेशी विरोधियों, आतंकवादियों और रोजमर्रा के घोटालेबाजों के बीच, साइबर हमले ज्यादा चालाक और ज्यादा परिष्कृत होते जा रहे हैं। व्यक्तियों, व्यवसायों और सरकारी संस्थाओं को साइबर अपराध को सुरक्षा प्रणालियों में घुसपैठ करने और संवेदनशील डेटा में घुसपैठ करने से रोकने के लिए सक्रिय उपाय करने चाहिएं। जबकि कुछ साइबर अपराध रोकथाम रणनीतियां हमलावरों को रोकने में दृढ़ हैं, इन पहलों का समर्थन करने में मदद करने के लिए आधुनिक तकनीकों की एक नई लहर भी आई। इसके बावजूद सचेत होकर कार्य करने की जरूरत है।

## स्वप्न

### चिंतन-मनन

**सच** है। अब तुम्हें और गहरा करना है इस अनुभूति को ताकि कभी तुम अनुभव कर सको कि तुम भी एक स्वप्न हो। और गहरे उतरो इस अनुभूति में। एक घड़ी आती है जब तुम जान लेते हो कि जो भी है सब सपना ही है। जब तुम यह जान लेते हो कि जो भी है सब सपना है तो तुम मुक्त हो जाते हो। यही तो अर्थ है हिन्दुओं की माया की धारणा का। वह यह नहीं कहती कि सब कुछ झूठ है; वह इतना ही कहती है कि सब कुछ सपना है। सवाल सच या झूठ का नहीं है। तुम क्या कहोगे सपने को? वह सच है या झूठ? यदि वह झूठ है तो कैसे दिखाई पड़ता है वह? यदि वह सच है तो कैसे मिट जाता है वह इतनी आसानी से? तुम अपनी आंखें खोलते हो और वह कहीं नहीं होता। सपना जरूर कहीं सच और झूठ के बीच होगा। उसमें जरूर कुछ न कुछ अंश होगा सच्चाई का और उसमें जरूर कुछ न कुछ अंश होगा झूठ का। सपना भी होता तो है सपना एक सेतु है न वह इस किनारे पर है और न उस किनारे पर है; न इधर है न उधर है। यदि तुम सपने को सच मान लेते हो तो तुम सांसारिक हो जाओगे। यदि तुम सपने को झूठ मान लेते हो तो तुम बच कर भागने लगोगे हिमालय की ओर; तुम असांसारिक हो जाओगे। और दोनों ही दृष्टिकोण अतियां हैं। सपना ठीक मध्य में है। वह सच और झूठ दोनों है। उससे भागने की कोई जरूरत नहीं है वह एक झूठ है। उसे पकड़ने की भी कोई जरूरत नहीं है वह एक झूठ है। सपनों के पीछे जिंदगी गंवाने की कोई जरूरत नहीं है वे झूठ हैं। और उन्हें त्याग देने की भी कोई जरूरत नहीं है क्योंकि कैसे तुम झूठ का त्याग कर सकते हो? उनका उतना भी अर्थ नहीं है। और इसी समझ से संन्यास की मेरी धारणा का जन्म होता है। तुम सपने को यह जानते हुए जीते हो कि वह एक सपना है। तुम संसार में यह जानते हुए जीते हो कि वह एक सपना है। तब तुम संसार में होते हो, लेकिन संसार नहीं होता तुम में। तुम संसार में चलते हो, लेकिन संसार नहीं चलता है तुम में। तुम बने रहते हो संसार में। असल में तुम अब उसका और भी आनंद लेते हो क्योंकि एक सपना ही है; तुम्हारे पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है। तब तुम गंभीर नहीं होते। असल में तुम खेलने लगते हो बच्चों की भांति क्योंकि सपना ही है। तुम उसका आनंद ले सकते हो उसका मजा ले सकते हो। अपराधी अनुभव करने जैसा कुछ नहीं है उसमें। एक उत्सव है जीवन का।

## आपके पत्र

### बांग्लादेश का हिंदू किसके भरोसे?

**विश्व** के अनेक देशों में आज युद्ध की जो स्थिति बनी हुई है, वैसा ही संकट बांग्लादेश में उत्पन्न हो रहा है। इस संकट का बीजारोपण आज नहीं, बल्कि धर्म और जिहाद की आड़ में वर्षों पहले ही रोपित हो चुका था। बांग्लादेश, जो कि सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से भारत का घनिष्ट पड़ोसी है, वहां अल्पसंख्यक समुदाय, विशेष रूप से हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार न केवल मानवाधिकारों का हनन है, बल्कि यह क्षेत्रीय स्थिरता और भारत-बांग्लादेश संबंधों के लिए भी चुनौती बन गया है। बीते कुछ वर्षों में, बांग्लादेश में चरमपंथी ताकतों का उभार हुआ है और उनके हाथों में सत्ता की चाबी आने के बाद से स्थिति और भी विकट हो गई है। बांग्लादेश में हिंदू लंबे समय से उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं।

**मनोज तिवारी**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### धनंजय सोरेन मिर्जाचौकी प्रार्थमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**साहिबगंज/मंडरो:** बोरियो विधानसभा क्षेत्र के झामुमो विधायक धनंजय सोरेन सोमवार को मिजाचौकी प्रार्थमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया एवं डा पंकज कुमार से मिल कर स्वास्थ्य कर्मी का नियमित सेवा, बाहरी पंजी,दवा वितरण पंजी, कमरे में रोगियों की व्यवस्था, ठंड को देखते हुए मरीजों उपयुक्त दवा की जानकारी लिया।वहीं अस्पताल की बाहरी परिसर एवं साफ सफाई की जायजा लिया। और दूरुस्त करने के लिए डा पंकज कुमार से जानकारी लिया।इसी क्रम में झामुमो के सक्रिय कार्यकर्ता राजेश राम के पिता के निधन पर उनके आवास नयाटोला बड़तल्ला पहूंचे एवं शोकाकुल परिवार मिलकर उन्हें धैर्य एवं संतावना दिया,मोके पर जिला व्यवसायी मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा,डा पंकज कुमार, एएनएम सुभाषिनी सिंहा, अर्चना कुमारी,जेपी यादव, महेन्द्र पासवान,अमन कुमार सहित कार्यकर्ता एवं कर्मी उपस्थित थे।

### सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में अर्धवार्षिक परीक्षा शुरू

**साहिबगंज/उधवा :** प्रखंड के सभी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय में अर्ध वार्षिक परीक्षा शुरू हुई। कक्षा एक से आठवीं तक की अंग्रेजी एवं सामाजिक विज्ञान की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।उर्दू मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक निपेन दास ने बताया कि प्रथम दिन अर्ध वार्षिक परीक्षा एसए एक में अंग्रेजी और सामाजिक विज्ञान की परीक्षा हुई। उन्होंने आगे बताया कि मंगलवार को हिंदी और विज्ञान, बुधवार को गणित और संस्कृत की परीक्षा ली जाएगी।परीक्षा के दौरान मौके पर नेहरूल इस्लाम, लाल मोहम्मद, इकबाल आलम, मुख्तार आलम, इमरान अंसारी, शमीमा अख्तर, अल्ताफ हुसैन, मोझारुल हक, अख्तर आलम आदि उपस्थित थे।

### बाकुड़ी में होने वाली केंद्रीय अधिवेशन की सफलता को लेकर बैठक

**साहिबगंज :** झारखंड मजदूर संघ प्रजा० के जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव की अध्यक्षता में राजमहल निरीक्षण भवन में 21 दिसंबर को बाकुड़ी में होने वाली केंद्रीय अधिवेशन की सफलता को लेकर बैठक किया गया।बैठक में राजमहल उधवा व तालझारी के प्रमुख कार्यकताओं के साथ चर्चा किया गया।केंद्रीय अधिवेशन में एक हजार से अधिक कार्यकताओं की भागीदारी कैसे हो इस पर विचार विमर्श किया गया।बैठक में केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव,रनधीर प्रसाद चौरसिया , ललित कुमार सिंह,फूल कुमारी देवी,रवि घोष,अजय कुमार रजक,अर्जुन कुमार महतो,मिथुन कुमार यादव,जमुना राय,जलेबी घोष,कपिल देव शर्मा,शंभू पंडित,कार्तिक राय शकुंतला दास सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### लोगों से अपील किया कि खुले आसमान में न सोए : अभिषेक

साहिबगंजःनगर परिषद प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह सहित नगर परिषद की टीम देर रात्री शहर में घूम घूमकर ठंड के मौसम में खुले आसमान के नीचे सो रहे लोगों को बस स्टैंड समीप आश्रय गृह भेजा।वही सदर अस्पताल सहित अन्य जगह लोगों से अपील किया कि खुले आसमान में न सोए।आश्रय गृह में रात बिताए।वहां बेड कंबल सोने के लिए व्यवस्था है।उन्होंने कहा कि रेस्क्यू टीम शीत लहर के मौसम में लगातार कार्य करेगी।वही जरूरतमंद को कंबल देने की बात कही।शहर के स्ट्रीट लाइट व हाई मास्ट लाइट का भी जायजा लिया।मौके पर सीटी मैनेजर बिरेश कुमार,सफाई प्रभारी शिव हरी,राकेश कुमार,सज्जाद हुसैन सहित अन्य थे।

### होम्योपैथी दवा के माध्यम इलाज करने में काफी ज्यादा स्वास्थ्य लाभ होगा : डॉ मोहम्मद

**साहिबगंज :** सदर प्रखंड के छोटी कोदरजन्ना में सोमवार को हनीमन शिफा होम्यो क्लिनिक का उद्घाटन किया किया गया।डॉ मोहम्मद असलम ने अपने आवास में उद्घाटन दौरान कहा कि वर्तमान समय में अंग्रेजी दावों के साइड इफेक्ट से लोगों को होम्योपैथी दवा के माध्यम इलाज करने में काफी ज्यादा स्वास्थ्य लाभ होगा।उन्होंने कहा की होम्योपैथिक इलाज सफल और सरल होता है।आर्थिक रूप से कमजोर रोगियों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में होम्योपैथिक डॉक्टर आर पी शर्मा उपस्थित हुए।मौके पर हाजी मोहम्मद कमरुज्जमा,जुम्मन डीलर, मोहम्मद इरशाद अली, मोहम्मदशाहजहां काजू,सजाम,मो वकार,नदीम,मो हूजाम,जीशान खान,तौसीफ रजा,मनजीर हसन,गुलफराज आदि उपस्थित थे।

### सैकड़ों महिलाओं का मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ नहीं मिला है : ग्रामीण

**साहिबगंज/उधवा :** राजमहल विधायक मो. ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने उधवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचकर जनसमस्याओं व सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर समीक्षा की। विधायक ने सभी पदाधिकारियों को कार्य में तेजी लाने और समस्याओं का त्वरित कार्रवाई हुए समाधान करने का निर्देश दिया।इस अवसर पर विधायक ने स्थानीय लोगों की समस्याओं को भी सुना और उनके समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। शिकायतकताओं ने विधायक को बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पेंशन के लिए दिए गए आवेदन पर अब पेंशन की स्वीकृति नहीं मिली है। सैकड़ों महिलाओं का मुख्यमंत्री मांईया सम्मान योजना का लाभ नहीं मिला है।जबकि फार्म प्रखंड कार्यालय में पड़ा हुआ है।इसके अलावा, राशनकार्ड के लिए सैकड़ों आवेदन महीनों से पेंडिंग पड़ा है, जिसमें नाम सुधार,डीलर स्थानांतरण, नया नाम जोड़ना शामिल है। महीनों से एक भी जमीन का खारिज दाखिल नहीं होने से लोगों को काफी परेशानियों से जूझना पड़ रहा है।मनरेगा योजना ठप्प रहने से मजदूरों को बाहर जाना पड़ता है। दर्जनों जाति, निवास व आय प्रमाण पत्र महीनों से पेंडिंग हैं। दियारा क्षेत्रों की अधिकतर सड़के जर्जर अवस्था में हैं और बिजली की समस्या वर्षों से है।विधायक ने सभी समस्याओं को सुनकर प्रखंड विकास पदाधिकारी जयंत कुमार तिवारी को कार्य में तेजी लाने और समस्याओं का त्वरित कार्रवाई करते हुए समाधान करने की बात कही। विधायक ने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जाए और विकास योजनाओं को तय समय-सीमा में पूरा करने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जानी चाहिए। वही जेएमएम के वरिष्ठ नेता विजय सिंह के निधन पर विधायक ने सभी प्रखंड पदाधिकारियों के साथ दो मिनट का मौन धारण किया।

### पलामू में डीएसओ और डीसीओ को शोकॉज, वित्त मंत्री के कार्यक्रम में नहीं थे मौजूद

**पलामूः** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के कार्यक्रम से गायब रहने के मामले में कार्रवाई हुई है. जिला उपायुक्त के द्वारा जिला आपूर्ति पदाधिकारी और जिला सहकारिता पदाधिकारी को शोकॉज किया गया है. दोनों अधिकारियों से पलामू डीसी शशि रंजन ने इस मामले को लेकर जवाब तलब किया है. दोनों अधिकारियों से पूछा गया है कि किन वजहों से मंत्री के कार्यक्रम से दोनों अधिकारी गायब रहे. झारखंड में साल 2024-25 के लिए खरीफ फसल के लिए धान खरीद की शुरूआत हो चुकी है. पलामू के विभिन्न इलाकों में धान अधिप्राप्ति केंद्र बनाए गए हैं, जिसका उद्घाटन 15 दिसंबर को होना निश्चित हुआ. झारखंड सरकार के वित्त एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री राधाकृष्ण किशोर पाटन के किशुनपुर में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन करने के लिए पहुंचे थे.

# दुमका में दो पंचायत सचिव के साथ मारपीट का मामला पकड़ा तूल, संघ ने दी चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी



मेट्रो रेज संवाददाता

**दुमकाः** जिले के काठीकुंड प्रखंड में कार्यरत दो पंचायत सचिव के साथ मारपीट का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर रविवार को पंचायत सचिव और जनसेवक संघ के सदस्यों ने एक बैठक की। जिसमें चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई।

रविवार को दुमका के आउटडोर स्टेडियम में पंचायत सचिव और जन सेवक संघ की बैठक आयोजित की गई। इसमें काठीकुंड प्रखंड की बिछिया पहाड़ी पंचायत में कार्यरत पंचायत सचिव चंदा कुमारी और पिपरा पंचायत में कार्यरत पंचायत सचिव प्रदीप दास के साथ की गई मारपीट की कड़ी निंदा की गई और इस पर चरणबद्ध आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया।

घटना के संबंध में बिछिया पहाड़ी की पंचायत सचिव चंदा कुमारी ने बताया कि मामला एक सप्ताह पूर्व 07 दिसंबर का है। वह प्रखंड कार्यालय में मनरेगा संबंधित फाइलें निपटा रही थीं। उसी वक्त सिद्दीक अंसारी , अशफाक अंसारी और इकरामुल अंसारी अपने साथियों के साथ पहुंच गए। पंचायत सचिव चंदा कुमारी का आरोप है कि आते ही तीनों ने सफेद कागज पर हस्ताक्षर करने को कहा। जब उसने हस्ताक्षर करने से इनकार किया तो धक्का-मुक्की और मारपीट करने लगे।

इस दौरान उसने मदद के लिए आवाज लगायी। शोर सुनकर एक अन्य पंचायत सचिव प्रदीप दास दौड़कर वहां आए। जब प्रदीप दास ने चंदा कुमारी को बचाने का प्रयास किया तो उसके साथ भी मारपीट की गई।

चंदा कुमारी ने बताया कि प्रखंड कार्यालय से ही मामले की सूचना बीडीओ को दी गई थी। इसके बाद पुलिस की टीम पहुंची और हम दोनों को अपने साथ काठीकुंड थाना ले गई। हमने थाने में घटना की लिखित शिकायत की। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी बात हो गई और अब तक मामले में दोषियों पर कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। इस संबंध में उन्होंने दुमका डीसी को भी पत्र लिखकर घटना से अवगत कराया है और आवश्यक कार्रवाई की मांग की।

इधर, पंचायत सचिव प्रदीप दास ने भी अपने साथ हुई मारपीट की घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उन्होंने बीडीओ के चेंबर में घुसकर किसी तरह से अपनी जान बचाई थी।

मारपीट के विरोध में यूनियन के द्वारा आउटडोर बैठक कर घटना की कड़ी निंदा की गई है। इसमें यह निर्णय लिया गया कि कल सोमवार से सभी प्रखंड कार्यालय में पंचायत सचिव और जन सेवक काला बिल्ला लगाकर काम करेंगे। उन्होंने इस पर आवश्यक करते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की। जनसेवक संघ के अध्यक्ष प्राण मोहन ने कहा कि अगर हमें न्याय नहीं मिलता है तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। हम सभी हड़ताल पर भी जा सकते हैं।

इस पूरे मामले में काठीकुंड के थाना प्रभारी त्रिपुरारी कुमार ने फोन पर बताया कि दो पंचायत सचिव के द्वारा आवेदन दिया गया है। सरकारी काम में बाधा डालने और मारपीट करने के मामले में सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## तालाबंदी और हड़ताल को लेकर कुलपति ने की बैठक

मेट्रो रेज संवाददाता

**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका में शिक्षकेतर कर्मचारियों की चल रही तालाबंदी और हड़ताल को लेकर सोमवार को कुलपति के आवासीय कार्यालय में विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारियों, विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों के संकायाध्यक्षों एवं विभागाध्यक्षों एक की बैठक बुलाई गई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह ने की। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि कर्मचारियों की सातवें वेतनमान के तहत वेतन निर्धारण एवं भुगतान की मांग बिल्कुल जायज है, जो उन सभी को मिलनी चाहिए। कुलसचिव डॉ राजीव कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय अपने स्तर पर लगातार प्रयास कर रहा है कि उच्च शिक्षा निदेशालय से कर्मचारियों का वेतन निर्धारण यथाशीघ्र हो जाए। उपस्थित सदस्यों ने कहा कि चूंकि मामला सरकार के स्तर पर लंबित है,



इसलिए विश्वविद्यालय कर्मचारियों के साथ मिलकर यथाशीघ्र वेतन निर्धारण कराकर उन सभी को लाभ पहुंचाने का प्रयास करे। विश्वविद्यालय में शिक्षकेतर कर्मचारियों की चल रही हड़ताल को देखते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आज मंगलवार को 11 बजे सभी पदाधिकारी, डीन एवं सभी विभागाध्यक्ष हड़ताल स्थल पर जाकर शिक्षकेतर कर्मचारियों से वार्ता करेंगे तथा हड़ताल एवं तालाबंदी समाप्त कराने का प्रयास करेंगे। बैठक में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह, कुलसचिव डॉ राजीव कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ जयकुमार साह, डॉ नीलेश कुमार, डॉ संजय कुमार सिंह, डॉ संजय कुमार सिन्हा, डॉ कलानंद ठाकुर, डॉ अब्दुस सत्तार, डॉ राजीव रंजन सिन्हा, स्वेता मरांडी, डॉ पूनम हेम्ब्रम, डॉ अजय सिन्हा, डॉ संजीव कुमार सिन्हा, डॉ सुशील टुडू, डॉ संतोष शील, डॉ सुजीत कुमार सोरेन, डॉ अनिल कुमार वर्मा, डॉ परमानंद प्रसाद सिंह, डॉ बिनय कुमार सिन्हा, डॉ राजेश कुमार यादव, संजीव कुमार एवं दीपक कुमार आदि उपस्थित थे।

## जिला खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक संपन्न

मेट्रो रेज संवाददाता

**दुमकाः** समाहरणालय के सभागार कक्ष में सोमवार को जिले के उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि खनन विभाग की समीक्षा प्रत्येक माह की जाती है, इसलिए यह आवश्यक है कि सभी अधिकारी गंभीरता पूर्वक अपने कार्यों का निष्पादन करें। इस दौरान उन्होंने अब तक की गई कार्रवाई को लेकर परिवहन विभाग, खनन विभाग, प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारियों से समीक्षा की तथा सघन कार्रवाई जारी रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देशित किया कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन नहीं हो इसे सुनिश्चित करें एवं अवैध कारोबारियों पर पैनी नजर रखते हुए कार्रवाई करें।उपायुक्त ने जिले में कोयला,बालू,पत्थर के अवैध कारोबार पूर्णत रोक लगाने के लिए सभी अंचलाधिकारी को नियमित क्षेत्रों में जांच करने एवं वाहनों को सख्ती से जांच



करने को लेकर निर्देशित किया। इस दौरान उपायुक्त यह भी निर्देशित किया जहां भी अवैध तरीके से कोयला,बालू एवं पत्थर खनन करने को लेकर अवैध कारोबारियों के द्वारा बनाए गए गड्ढे पर अविलंब जेसीबी से भरवाना सुनिश्चित करें एवं इसी रिपोर्ट समर्पित करवाऐं। पुलिस अधिकारियों को अपने क्षेत्र का लगातार निरीक्षण करने का निर्देश दिया। बालू घाटों की समीक्षा के दौरान पाया गया कि कैटकरी 1 बालू घाट का संचालन किया जा रहा है, वही कैटकरी 2 बालू घाट के संचालन को लेकर प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। जबकि 6 बालू घाटों में बालू उठाव को लेकर कार्रवाई की जा रही है,जिस पर उपायुक्त ने खनन एवं प्रदूषण विभाग के क्षेत्रीय निदेशक को अविलंब सभी बालू घाटों की संचालन में आ रही समस्या का निराकरण करते हुए आरंभ करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिले के विकास कार्य में बालू बाधक नहीं बने अधिकारी इसे सुनिश्चित करें एवं जिले में बालू की कमी नहीं हो इसका ख्याल रखें। बैठक में अपर समाहर्ता, जिला खनन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी सहित अन्य वरीय पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कोई भी काम बिना प्लानिंग के तहत करने से काफी जगहों का नुकसान होना तय है : अशोक



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज /बरहरवाः** 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास ने नगर पंचायत कार्यालय में नगर पदाधिकारी से मुलाकात की।मुलाकात के दौरान नगर पंचायत से संबंधित विभिन्न समस्याओं व उनके निदान हेतु विकल्प को लेकर चर्चा की।साथ ही नगर पंचायत में नए तरीकों से कार्य करते हुए एक नया रूप रेखा तैयार करने की भी सलाह दी।कहा कि कोई भी काम बिना प्लानिंग के तहत करने से काफी जगहों का नुकसान होना तय है इसलिए कोई भी कार्य करने से पहले उस कार्य का वैकल्पिक रास्ता तैयार कर ले ताकि भविष्य में नगर वासियों को किसी तरह की तकलीफ ना हो।सुविधा मुहैया कराना ही नगर पंचायत का लक्ष्य होना चाहिए।आशा करते हैं कि आप सभी एक टीम के तहत नगर पंचायत में काम करते हुए नगर के सौंदर्य में चार चांद लगा देंगे।वही जिला महासचिव मिठुन कुमार मंडल ने कहा कि नगर में इस बार दिपक कुमार के रूप में नगर कार्यपालक पदाधिकारी मिला है जो कि हमारे बरहरवा नगर के विकास के लिए जनहित में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं जिनके कार्यकाल में एक बेहतर नगर पंचायत की परिकल्पना की जा सकती है।वही प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार ने नगर पदाधिकारीयों का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि नगर में समस्याये अनेक है लेकिन समस्याओं को जड़ से मिटाने के लिए नए सिरे से काम करने की जरूरत है।

## शांतिकुंज हरिद्वार टोली द्वारा 24 से 27 दिसंबर तक गायत्री महायज्ञ का आयोजन



**साहिबगंज/मंडरो :** प्रखण्ड के मिजाचौकी दुर्गा मंदिर परिसर में 24 कुंडली गायत्री महायज्ञ को लेकर भूमि पूजन के साथ ध्वजारोहण किया गया। इस संबंध में शंभू नाथ जायसवाल ने बताया कि शांतिकुंज हरिद्वार टोली द्वारा 24 से 27 दिसंबर तक गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा जिसमें गायत्री शक्तिपीठ साहिबगंज व शांतिकुंज हरिद्वार की प्रकांड पंडितों के तत्वावधान में यह संपन्न किया जाएगा। इसमें अन्नप्राशन मुंडन शिक्षा उपनयन संस्कार एवं बिराट पुस्तक मेला का आयोजन किया जाएगा।इसको लेकर तैयारी की जारही है, यज्ञ से वातावरण स्वच्छ एवं अध्यात्मिक ज्ञान से इलाका भक्तिमय होगा।भूमि पूजन में निरंजन वर्णवाल व सुप्रिया वर्णवाल सहित पंडित सहदेव जी उपस्थित थे।

# लातेहार में अफीम की खेती के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 4 एकड़ में लगी फसल को किया गया नष्ट



मेट्रो रेज संवाददाता

**लातेहारः** पुलिस के द्वारा अफीम की खेती के खिलाफ जिले भर में बड़ा अभियान चलाया गया है. इसी क्रम में जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आसुए गांव के पास पुलिस ने अभियान चलाकर चार एकड़ में लगाई गई अफीम की खेती को नष्ट कर दिया है. पुलिस की इस कार्रवाई से तस्करों को बड़ा झटका लगा है.

दरअसल लातेहार एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि हेरहंज थाना क्षेत्र के आसुए गांव के पास अफीम तस्करों के द्वारा अफीम की खेती का प्रयास किया जा रहा है. एसपी के निर्देश के बाद ड्रोन के माध्यम से छानबीन की गई और थाना प्रभारी कृष्ण पाल सिंह पवैया के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने चिन्हित स्थान पर छापेमारी की.

पुलिस जब स्थल पर पहुंची तो वहां पाया गया कि अफीम के छोटे-छोटे पौधे उग आए हैं. इसके बाद पुलिस की टीम ने ट्रैक्टर के माध्यम से लगभग चार एकड़ भूमि में लगाई गई अफीम की फसल को रौंद डाला.

ड्रोन और सेटेलाइट के माध्यम से की जा रही है निगरानी

इधर इस संबंध में जानकारी देते हुए लातेहार एसपी कुमार गौरव ने बताया कि लातेहार जिले के जिन इलाकों में अफीम की खेती की सूचना मिलती आई है. उन स्थानों में ड्रोन और सेटेलाइट के माध्यम से निगरानी की जा रही है. एसपी ने कहा कि पुलिस के द्वारा अफीम की खेती के खिलाफ लगातार कार्रवाई भी की जा रही है और उसे नष्ट भी किया जा रहा है. यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी. उन्होंने कहा कि पुलिस के द्वारा अफीम की खेती करने वाले लोगों को भी चिन्हित करने का कार्य किया जा रहा है और ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी.

नदी नालों के किनारे और वन क्षेत्र में तस्करों की रहती है नजर

यहां बताते चलें कि अफीम की खेती करने वाले तस्कर दूरस्थ इलाकों में स्थित नदी नालों के किनारे और वन क्षेत्र में अफीम की खेती करने का प्रयास करते हैं. क्योंकि अफीम की खेती के लिए सिंचाई की काफी अधिक आवश्यकता होती है. इस कारण तस्कर नदी नालों के किनारे स्थित जमीन पर ही अपनी नजर बनाए रखते हैं. तस्करों के द्वारा स्थानीय ग्रामीणों को लोभ देकर इस प्रकार की खेती के कार्य में लगाया जाता है. थोड़े से पैसों के लालच में ग्रामीण अपने गांव के साथ-साथ अपने खुद के भविष्य को भी बर्बाद करने को तैयार हो जाते हैं.




# फिल्म मस्ती 4 की शूटिंग शुरू, रितेश और आफताब ने शेयर की तस्वीरें

**बॉलीवुड** की पॉपुलर फ्रेंचाइजी मस्ती के चौथे पार्ट मस्ती 4 की शूटिंग शुरू हो गई है। पॉपुलर फ्रेंचाइजी मस्ती की पहली फिल्म मस्ती वर्ष 2004 में, दूसरी फिल्म ग्रैंड मस्ती वर्ष 2013 में और तीसरी फिल्म ग्रेट ग्रैंड मस्ती वर्ष 2016 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म के चौथे पार्ट मस्ती 4 का काफी समय से बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। अब अभिनेता आफताब शिवदासानी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर फिल्म मस्ती 4 की शूटिंग पर अपडेट दिया है।

आफताब शिवदासानी ने बताया है कि फिल्म मस्ती 4 की शूटिंग शुरू हो गई है। आफताब शिवदासानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से कुछ तस्वीरें शेयर कर फिल्म मस्ती 4 को लेकर अपडेट दिया है। पहली फोटो में वह फिल्म के क्लैप बोर्ड के साथ नजर आ रहे हैं। दूसरी और तीसरी फोटो में वह रितेश देशमुख और मिलाप जावेरी के साथ दिखाई दे रहे हैं। चौथी फोटो में आफताब शिवदासानी, रितेश देशमुख और मिलाप जावेरी के अलावा जितेंद्र कुमार, इंद्र कुमार सहित कुछ अन्य लोग नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा है, पागलपन शुरू होता है। उनमें से अब तक का सबसे मजेदार होना वाला है।

## सोनाक्षी सिन्हा की परवरिश का मुकेश खन्ना ने उड़ाया मजाक

# भड़की दबंग गर्ल, बोलीं- अगर भगवान राम...



**शक्तिमान** फेम मुकेश खन्ना अक्सर अपने बयानों को लेकर लाइमलाइट में आ जाते हैं। कुछ साल पहले मुकेश ने बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा को केबीसी 11 में भगवान हनुमान से जुड़े एक सवाल का जवाब नहीं आने पर उन्हें काफी ट्रोल किया था। इस मामले को लेकर एक बार फिर से एक्टर ने एक सिद्धार्थ कन्नन संग इंटरव्यू में सोनाक्षी के पिता और दिग्गज एक्टर शत्रुघ्न सिन्हा को अपनी बेटी को रामायण के बारे में ना सिखाने के लिए जिम्मेदार ठहराया। इसपर दबंग गर्ल ने मुकेश खन्ना को मुंह तोड़ जवाब दिया।

सोनाक्षी सिन्हा ने मुकेश खन्ना को दिया करारा जवाबः मुकेश खन्ना की बातों पर सोनाक्षी सिन्हा ने उन्हें करारा जवाब देते हुए अपने इंस्टा स्टोरी पर लिखा, डियर सर, मुकेश खन्ना जी, मैंने हाल ही एक बयान पढ़ा था कि जिसमें आपने कहा गया था कि यह मेरे पिता की गलती है कि मैंने एक शो में रामायण के बारे में एक सवाल का सही जवाब नहीं दिया। इस शो का हिस्सा मैं कई साल पहले हुई थी। आपको याद दिला दूं कि उस दिन हॉट सीट पर मेरे साथ दो और महिलाएं थी और उन्हें भी इसका आंसर नहीं मालूम था। लेकिन आप सिर्फ हर वक्त मेरा नाम लेते रहते हैं।

आगे सोनाक्षी सिन्हा ने लिखा, मैं उस दिन भूल गई थी और ये एक मानवीय प्रवृत्ति है। लेकिन आप भी भगवान राम द्वारा सिखाए गए कुछ सबक को भूल गए हैं- क्षमा करना और भूल जाना। अगर भगवान राम मंथरा- कैकेयी और रावण को भी माफ कर सकते हैं, तो आप मेरी इस छोटी सी बात को भूल ही सकते हैं। मुझे और मेरे परिवार को खबरों में बने रहने के लिए इसी घटना को बार-बार उठाना बंद करें। अपने पोस्ट के आखिरी में सोनाक्षी सिन्हा ने लिखा, अगली बार जब आप मेरी परवरिश पर कमेंट करें प्लीज याद रखें उन वैल्यूज की वजह से ही मैंने आपसे बहुत अच्छे से बात किया।

मुकेश खन्ना ने क्या कहा थाः मुकेश खन्ना ने एक इंटरव्यू में कहा था कि आज की जेनरेशन को शक्तिमान की जरूरत ताकि वह उन्हें गाइज कर सकें। उन्होंने कहा था, लव कुश उनके बंगले का नाम है। उसे पता नहीं था। इसमें सोनाक्षी की कोई गलती नहीं है, ये उसके पिता की गलती है। आपने अपने बच्चों को क्यों नहीं बताया। आपने उन्हें इतना मॉर्डन क्यों बना दिया।

## पुष्पा 2 की बादशाहत कायम, 12 दिन में ही कमा लिए 1000 करोड़



**अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2:** द रूल ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा कमाल दिखाया, जिसे सब देखते रह गए। फिल्म को रिलीज हुए 12 दिन हो गए है और फिर भी ये कमाई के मामले में अभी तक कई रिकॉर्ड तोड़ रही है। दुनियाभर में इसने 1000 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली और अब भारत में फिल्म ये आंकड़ा जल्द पार कर लेगी। फिल्म में अल्लू अर्जुन, पुष्पा राज की भूमिका दोहराते दिखे, जबकि रश्मिका मंदाना- श्रीवल्ली के रोल में और फहद फासिल- भंवर सिंह शेखावत के किरदार में नजर आए। सुकुमार निर्देशित फिल्म पुष्पा 2 ने रिलीज के पहले हफ्ते में 725.8 करोड़ का बिजनेस किया। दूसरे हफ्ते में मूवी ने अभी तक 929.85 करोड़ कमा लिए है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार सोमवार को फिल्म ने 27.75 करोड़ रुपये का बिजनेस कर लिया है।

### इंग्लैंड बनाम न्यूजीलैंड

## टिम साउदी को रिकॉर्ड जीत के साथ विदाई न्यूजीलैंड ने इंग्लैड को 423 रनों से हराया



**हैमिल्टनः** मिचेल सैंटनर (चार विकेट), टिम साउदी और मैट हेनरी (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन मंगलवार को इंग्लैड को दूसरी पारी में 234 के स्कोर पर समेट कर मुकाबला रिकार्ड 423 रनों से जीत लिया। न्यूजीलैंड की इंग्लैंड के खिलाफ यह अब तक की सबसे बड़ी जीत है। वहीं शुरूआती दो मैच जीतने वाली इंग्लैड तीन मैचों की सीरीज विजेता रही।


**इंग्लैंड ने आज दो विकेट पर 18 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। जेकब बेथेल और जो रूट ने संभलकर खेलते हुए तीसरे विकेट के लिये 104 रन जोड़े। मिचेल सैंटनर ने जो रूट (54) को पगबाधा आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा।**

इंग्लैंड ने आज दो विकेट पर 18 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। जेकब बेथेल और जो रूट ने संभलकर खेलते हुए तीसरे विकेट के लिये 104 रन जोड़े। मिचेल सैंटनर ने जो रूट (54) को पगबाधा आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद हैरी ब्रूक (एक) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। टिम साउदी ने जेकब बेथेल (76) को आउटकर इंग्लैंड को बड़ा झटका दिया। गस ऐटकिंसन (43) और ब्राइडन कार्स (11) को मिचेल सैंटनर ने अपना शिकार बनाया। ऑली पोप (17) को मैट हेनरी ने बोल्ड आउट किया। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे इंग्लैंड की पूरी 47।2 ओवर में 234 रन पर सिमट गई।

न्यूजीलैंड की ओर मिचेल सैंटनर ने चार विकेट लिये। टिम साउदी और मैट हेनरी को दो-दो विकेट मिले। विलियम ओरूर्क ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले केन विलियमसन (156), डैरिल मिचेल (60), मिचेल सैंटनर (49) और टॉम ब्लंडल (नाबाद 44) की साहसिक बल्लेबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को टेस्ट मैच के तीसरे दिन 658 रनों का विशाल लक्ष्य था।

केन विलियमसन और रचिन रवींद्र की जोड़ी ने चौथे विकेट के लिए 107 रनों की साझेदारी हुई। मैथ्यू पॉट्स ने रचिन रवींद्र (44) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये डैरिल मिचेल ने मोर्चा संभाला। डैरिल मिचेल (60) को जेकब बेथेल ने आउट किया। ग्लेन फिलिप्स (तीन) और मिचेल सैंटनर (49) रन बनाकर आउट हुये। केन विलियमसन ने 204 गेंदों में 20 चौके और एक छक्का लगाते हुए (156) रनों की शानदार पारी खेली। न्यूजीलैंड ने 101।4 ओवर में 453 रन बनाये। और पहली पारी के आधार पर मिली 204 रनों की बढ़त के साथ इंग्लैंड को जीत के लिए 658 रनों का लक्ष्य दिया। इंग्लैंड की ओर से जेकब बेथेल ने तीन, बेन स्टोक्स और शोएब बशीर ने दो-दो विकेट लिये। मैथ्यू पॉट्स, गस ऐटकिंसन और जो रूट ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इंग्लैंड ने पहली पारी में 143 रन बनाए थे।

# फिल्म इंडस्ट्री से क्यों किया ब्रेक का ऐलान, विक्रांत मैसी ने बताई वजह



**बॉलीवुड** अभिनेता विक्रांत मैसी ने फिल्म इंडस्ट्री से ब्रेक लेने की वजह बताई है। विक्रांत मैसी ने सेशन ना टायर्ड, ना रिटायर्ड, 12वीं फेल, हीरो पास में अपने फिल्मी करियर, फैमिली लाइफ और बच्चे को लेकर बातचीत की। विक्रांत से उनकी एक्टिंग छोड़ने वाली पोस्ट सवाल पूछा गया।क्यों वो करियर पीक पर रीस्टार्ट करना चाहते हैं? क्या इसके पीछे कोई प्रेशर है या सोशल मीडिया ट्रोलिंग?

विक्रांत मैसी ने बताया वे खुद को बॉर्डर लाइन इंट्रोवर्ट मानते हैं।सोशल मीडिया पर मजबूरी में आते हैं। रिटायरमेंट पोस्ट पर विक्रांत ने कहा, जब मैंने ये पोस्ट डाला उसके अगले दिन मैं पीएम और पूरी कैबिनेट के साथ फिल्म देखने वाला था। एक साधारण परिवार से आने वाले लड़के ने, जिसने बस एक्टिंग करनी चाही, भले ही कोई भी रोल हो, उसने अपने जीवन में इतना बड़ा दिन देखा। क्या इसका प्रभाव नहीं पड़ेगा उसपर। मैंने अगले दिन कहा कि ये मेरे करियर का हाईएस्ट पॉइंट है, पीएम और पूरी कैबिनेट के साथ बैठकर फिल्म देख रहा हूं। 11 सालों में जबसे वो पीएम बने हैं बस मेरी फिल्म देखी है।ये मेरे लिए बहुत बड़ी बात है।

विक्रांत मैसी ने बताया,मेरे मन में बस यही विचार आया अब कैसे खुद को बेहतर करूं। साथ ही पर्सनल रीजन भी थे।इसी साल मेरे बेटा हुआ।बिजी होने की वजह से बेटे, पत्नी, पेरेंट्स संग समय नहीं बिता पा रहा हूं. जब वो पहली बार चला तो मेरे पास फोटो आई।तब एहसास हुआ क्या ही फायदा इतना सब करके, जब बेटा तुम्हारा हाथ पकड़कर न चल सके. उस वक्त मैंने बतौर एक्टर, पति, बेटा, पिता होने के नाते सभी चीजों को सोचकर वो पोस्ट किया था। मुझे लगा इससे ज्यादा इस देश में बतौर एक्टर मैं क्या ही कर सकता हूं। यहां से तो बेहतर ही होना पड़ेगा। मैं चाहता हूं लोगों को मैं अपने काम से खुश करूं।बस यही चाहता हूं और बेहतर बनने के लिए रीस्टार्ट करूं। विक्रांत ने बताया उन्होंने पिछले साल 280 दिन शूट किया था। वो कहते हैं- जो जिंदगी जीने का सपना देखा वो मिला, लेकिन उसे जियो तो सही। विक्रांत ने भरोसा दिलाया कि वो दमदार वापसी करेंगे।

## कोहली को गावस्कर की सलाह सचिन की सिडनी की पारी से सीखें



**ब्रिस्बेनः** पूर्व कप्तान कोहली ने ऑस्ट्रेलिया में चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की शुरूआत पर्थ में शतक के साथ की थी, लेकिन उसके बाद से लडखड़ा रहे हैं और अपनी पिछली चार पारियों में 15 रन से अधिक रन बनाने में विफल रहे हैं। गाबा में तीसरे टेस्ट की पहली पारी में सिर्फ तीन रन पर आउट होने से ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों की अनुशासित लाइन-लेंथ के सामने उनकी कमजोरी उजागर हुई। कोहली के आउट होने के बाद सुनील गावस्कर ने 2003-04 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान सिडनी में तेंदुलकर की ऐतिहासिक नाबाद 241 रन की पारी का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्हें सीखना चाहिए। गावस्कर ने विराट को सलाह दी है कि वे ऑफ स्टंप के बाहर की गेंदों पर अपनी हाल की परेशानियों से निपटने के लिए 2004 में सिडनी में सचिन तेंदुलकर की शानदार पारी से प्रेरणा लें।

### भारत बनाम आस्ट्रेलिया

# बारिश की वजह से चायकाल की घोषणा, भारत 201/7, फॉलोऑन बचाने के लिए 45 रन की जरूरत



**ब्रिस्बेन :** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा टेस्ट ब्रिस्बेन में खेला जा रहा है। भारतीय कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 445 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम की पहली पारी जारी है।

बारिश की वजह से समय से पहले ही चायकाल की घोषणा की गई। भारत ने सात विकेट गंवाकर 201 रन बना लिए हैं। फॉलोऑन से बचने के लिए टीम इंडिया को अभी भी 45 रन बनाने हैं। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 445 रन बनाए थे। इस लिहाज से टीम इंडिया फिलहाल 244 रन पीछे है। रवींद्र जडेजा 65 रन और मोहम्मद सिराज एक रन बनाकर नाबाद हैं।

**भारत को सातवां झटकाः** 194 के स्कोर पर भारत को सातवां झटका लगा। कमिंस ने नीतीश रेड्डी को क्लीन बोल्ड किया। वह 16 रन बना सके। फिलहाल मोहम्मद सिराज और रवींद्र जडेजा क्रीज पर हैं। भारत को फॉलोऑन बचाने के लिए अभी भी 52 रन की जरूरत है। बारिश से करीब एक घंटे तक खेल बाधित रहने के बाद अब फिर से मैच की शुरूआत हो चुकी है। फिलहाल जडेजा और नीतीश क्रीज पर हैं। भारत को फॉलोऑन से बचने के लिए अभी भी 60+ रन की जरूरत है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के 445 रन से टीम इंडिया 260+ रन पीछे है।

गाबा में बारिश रुक गई है और अंपायरों ने निरीक्षण के बाद मैच फिर शुरू कराने का फैसला किया है। भारतीय समयानुसार मुकाबला सुबह 11 बजे शुरू होगा। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली पारी में छह विकेट पर 180 रन बना लिए हैं। फिलहाल क्रीज पर रवींद्र जडेजा 52 और नीतीश कुमार रेड्डी नौ रन बनाकर मौजूद हैं।

**जडेजा का अर्धशतकः** रवींद्र जडेजा ने टेस्ट करियर का 22वां अर्धशतक जमाया। उन्होंने बैट को तलवारबाजी वाले अंदाज में लहराकर जश्न मनाया। इस सीरीज में यह जडेजा का पहला मैच है और पहली पारी में ही उन्होंने अर्धशतक जमा दिया। इससे पहले सुंदर और अश्विन खेले थे। जडेजा के रन बनाने से भारत का लोअर ऑर्डर मजबूत हुआ है। भारत का स्कोर फिलहाल छह विकेट पर 180 रन से ज्यादा है। फॉलोऑन से बचने के लिए टीम इंडिया को अब 66 रन की जरूरत है। जडेजा के साथ नीतीश रेड्डी क्रीज पर हैं।

न्यूज ब्रीफ




## मॉर्निंग वॉक पर अकेले गयी बीवी शौहर ने दे दिया तीन तलाक

**मुंबई:** महाराष्ट्र के ठाणे में तीन तलाक एक ऐसा मामला सामने आया जिसने सभी को सोचने पर मजबूर कर दिया। दरअसल, एक युवक ने अपनी पत्नी को इसलिए तालाक दे दिया, क्योंकि वह अकेले ही मॉर्निंग वॉक पर चली गई थी। पुलिस के मुताबिक मुंबरा क्षेत्र में रहने वाले एक 31 वर्षीय युवक का निकाह 25 वर्षीय युवती के साथ हुआ था। निकाह के बाद दोनों में प्यार भी काफी था. दोनों रोज सुबह शाम साथ में टहलने के लिए जाते थे। बीते मंगलवार को युवक की बीवी अकेले ही मॉर्निंग वॉक पर निकल गई। यही बात आरोपी युवक को नागवार लगी और वह इस कदर नाराज हो गया कि बीवी को फोन कर तीन तलाक दे दिया। यही नहीं, उसने अपने ससुर को भी फोन कर तलाक-ए-बिद्दत की बात कह दी। इस घटना के आरोपी को उसके ससुर ने समझाने की खूब कोशिश की, लेकिन जब बात नहीं बनी तो उन्होंने अपनी बेटी के साथ थाने पहुंच कर आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 351-4 और मुस्लिम विवाह अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस के मुताबिक देश में तीन तलाक रोधी कानून लागू है। इसलिए मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।


## नवंबर में भारत का व्यापार घाटा तीन गुना बढ़कर 19.84 अरब डॉलर पर



**नई दिल्ली:** वाणिज्यिक वस्तुओं एवं सेवा क्षेत्र के निर्यात की तुलना में आयात के 29 प्रतिशत तक बढ़ने से इस वर्ष नवंबर में देश का व्यापार घाटा इसके पिछले वर्ष की इसी अवधि के 6.89 अरब डॉलर के मुकाबले करीब तीन गुना बढ़कर 19.84 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, नवंबर 2024 में देश का कुल निर्यात नवंबर 2023 के 61.85 अरब डॉलर के मुकाबले 9.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 67.79 अरब डॉलर हो गया। लेकिन, इसी अवधि में कुल आयात में 27.5 प्रतिशत का इजाफा हुआ, जिससे यह 68.74 अरब डॉलर से बढ़कर 87.63 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस तरह इस अवधि में देश का व्यापार घाटा 6.89 अरब डॉलर के मुकाबले करीब तीन गुना बढ़कर 19.84 अरब डॉलर हो गया।

आलोच्य अवधि में वाणिज्यिक वस्तुओं का निर्यात 33.75 अरब डॉलर की तुलना में 4.9 डॉलर घटकर 32.11 अरब डॉलर रह गया लेकिन आयात 55.06 अरब डॉलर के मुकाबले 27.04 प्रतिशत की छलांग लगाकर 69.95 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह सेवा क्षेत्र का कुल निर्यात 28.11 अरब डॉलर से 26.9 प्रतिशत बढ़कर 35.67 अरब डॉलर जबकि आयात 13.68 अरब डॉलर की तुलना में 29.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 17.68 अरब डॉलर हो गया।

## भारत के हितों के खिलाफ नहीं होने देंगे श्रीलंका की जमीन का इस्तेमाल,5



**प्रधानमंत्री मोदी के साथ मुलाकात में बोले पड़ोसी देश के राष्ट्रपति**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के साथ बातचीत की और दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों में सहयोग को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। दिसानायके ने अभूतपूर्व आर्थिक संकट के दौरान भारत के अत्यधिक समर्थन के लिए आभार जताया और कहा कि श्रीलंकाई जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ नहीं होगा। श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने बातचीत के बाद कहा कि मैंने भारत के प्रधानमंत्री को यह आश्वासन दिया है कि हम अपनी जमीन को किसी भी तरह से भारत के हितों खिलाफ इस्तेमाल नहीं होने देंगे। भारत के साथ सहयोग निश्चित रूप से बढ़ेगा और मैं भारत के लिए अपने निरंतर समर्थन का आश्वासन देना चाहता हूं। पदभार ग्रहण करने के बाद अपनी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा पर रविवार शाम को भारत पहुंचे दिसानायके ने समर्थन और गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया उनकी यात्रा ने दोनों पड़ोसी देशों के बीच सहयोग और विकास का मार्ग प्रशस्त किया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम इस बात से पूरी तरह सहमत हैं कि हमारे सुरक्षा हित आपस में जुड़े हुए हैं। हमने रक्षा सहयोग समझौते को जल्द ही अंतिम रूप देने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री मोदी और श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने मुलाकात के दौरान सामपुर सौर ऊर्जा परियोजना, श्रीलंका के भीतर रेलवे कनेक्टिविटी बढ़ाने, दोनों देशों के बीच नौका और उड़ान सेवाओं, यूनिक आइडेंटिफिकेशन प्रोजेक्ट, शिक्षा, रक्षा समझौतों और हाइड्रोग्राफी पर सहयोग बढ़ाने पर समझौतों पर हस्ताक्षर किए। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे के देशों में पर्यटन बढ़ाने के लिए रामायण सर्किट और बौद्ध सर्किट पर भी चर्चा की।

**श्रीलंका में भारत की मदद से बनेगा आधार कार्ड:** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को श्रीलंका आने का न्योता दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार लिया है। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने बताया कि भारत उत्तरी श्रीलंका में एक एयरपोर्ट के विकास के लिए आर्थिक मदद मुहैया कराएग। बातचीत के बाद भारत श्रीलंका के यूनिक आइडेंटिफिकेशन प्रोजेक्ट का समर्थन करने के लिए राजी हुआ है। यह प्रोजेक्ट भारत के आधार कार्ड की तरह विकसित किया जाएगा।

शीतलहर की चपेट में उत्तर भारत

# लेह में तापमान माइनस 8.6 डिग्री दर्ज तमिलनाडु में भारी बारिश की संभावना



**नई दिल्ली :** उत्तर भारत समेत पूरा देश शीत लहर की चपेट में है। उत्तर भारत के सभी राज्यों में ठंड और घने कोहरे के साथ-साथ शीतलहर का कहर बरपा रहा है। मौसम विभाग की मानें तो अगले पांच दिनों तक शीतलहर से राहत नहीं मिलेगी। आईएमडी के अनुसार, उत्तर-पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों में अगले 5 दिनों तक शीतलहर चलेगी। वहीं मध्य भारत में अगले 2 दिनों तक शीत लहर की स्थिति बनी रहने की संभावना है। हालांकि इसके बाद इसमें थोड़ी कमी आयेगी। हिमाचल प्रदेश में 16-20 दिसंबर तक और जम्मू-कश्मीर-लद्दाख-गिलागिता-बाल्टिस्तान-मुजफ्फराबाद व पूर्वी राजस्थान में 16-22 दिसंबर तक शीत लहर से लेकर गंभीर शीत लहर की स्थिति बनी रहने की संभावना है. वहीं पंजाब, हरियाणा व चंडीगढ़ में 16-20 दिसंबर तक, पश्चिमी राजस्थान में 16-22 दिसंबर तक, पूर्वी मध्य प्रदेश में 17 दिसंबर को और पश्चिमी मध्य प्रदेश में 17 दिसंबर को शीत लहर की स्थिति बनी रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण बंगाल की खाड़ी के मध्य भागों पर कम दबाव का क्षेत्र बना है। इसके प्रभाव से 17 और 18 दिसंबर को तमिलनाडु (पुंडुचेरी व कराईकाल) में भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है।

लेह का तापमान माइनस 8.6 डिग्री पर पहुंचा : आईएमडी के अनुसार, जम्मू-कश्मीर में पारा माइनस में चला गया है. लेह में माइनस 8.6 डिग्री, पहलग्राम में माइनस 5 डिग्री, कुपवारा में माइनस 4.2 डिग्री, क्वाजीगुंड में माइनस 4 डिग्री, गुलमर्ग में माइनस 4 डिग्री, कोकरनाग में माइनस 3.9 डिग्री और श्रीनगर में तापमान माइनस 3.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, हरियाणा, पश्चिमी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में अलग-अलग स्थानों पर शीत लहर से लेकर भीषण ठंड की स्थिति देखी गयी। वहीं उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों, बिहार, झारखंड, ओडिशा, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, पूर्वी मध्य प्रदेश और विदर्भ में अलग-अलग स्थानों पर शीत लहर ने कहर बरपाया। पूर्वी मध्य प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर शीतलहर की स्थिति देखी गयी। पूर्वी राजस्थान और पूर्वी मध्य प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर जमीनी पाला की स्थिति दर्ज की गयी। वहीं अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा दर्ज की गयी।



## दिल्ली- एनसीआर की आबोहवा फिर बिगड़ी, एक्यूआई 400 के पार; ग्रैप-4 प्रतिबंध लागू

**नई दिल्ली :** दिल्ली में सोमवार रात वायु गुणवत्ता बिगड़ने के कारण पूरे दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-4 प्रतिबंध फिर से लागू कर दिया गया है। दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सोमवार को रात 9 बजे 399 पर पहुंच गया और 10 बजे 400 के पार पहुंच गया। वायु गुणवत्ता गंभीर+ श्रेणी में पहुंच गई, जिसके चलते आपातकालीन बैठक में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के चौथे चरण को फिर से लागू करने का फैसला लिया गया। सीएक्यूएम ने एक बयान जारी कर कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शों का अनुसरण करते हुए उप-समिति ग्रैप के तहत अनुसूची के चौथे चरण को तत्काल प्रभाव से लागू करती है, जिसे 13 दिसंबर को व्यापक रूप से संशोधित और जारी किया गया था।

सीएक्यूएम की ओर से सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का हवाला दिया गया है, जिसमें कोर्ट ने कहा था कि यदि आयोग को एक्यूआई 350 के स्तर को पार करता हुआ मिलता है, तो तीसरे चरण उपायों को लागू किया जाना चाहिए और अगर एक्यूआई 400 को पार करता है, तो चौथे चरण के उपायों को फिर से लागू किया जाना चाहिए। इससे पहले पूरे एनसीआर में ग्रैप 3 की पाबंदियां लगाई गई थी, क्योंकि एक्यूआई 350 के स्तर को पार कर गया था।

वायु गुणवत्ता के मापदंडों में और भी गिरावट दर्ज की गई है, जो दिल्ली में मिश्रण परत की ऊंचाई में भारी कमी और शून्य-हवा की स्थिति के चलते हुई। इसके परिणामस्वरूप, ग्रैप पर उप-समिति दिल्ली में वायु गुणवत्ता की स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही थी। उप-समिति ने यह नोट किया कि वायु गुणवत्ता सूचकांक स्तर लगभग 400 के आंकड़े को छूने वाला था, यानी 9 बजे 399 था और 10 बजे 401 पर रिकॉर्ड किया गया, जो 400 के आंकड़े को पार कर गया।

बता दें कि ग्रैप में कुल चार चरण आते हैं। पहला चरण तब लागू होता है, जब एक्यूआई 201 से 300 के बीच रहता है। इसके बाद दूसरा चरण एक्यूआई 301 से 400 के बीच रहने पर लागू होता है, जबकि तीसरा चरण एक्यूआई 401 से 450 रहने पर लागू किया जाता है। वहीं, चौथे चरण में एक्यूआई के 450 से अधिक होने पर इसे अमल में लाया जाता है।

पंजाब में दर्दनाक हादसा

## एक ही झटके में चली गई तीन भाईयों की जान, परिवार में पसरा मातम

**पटियाला :** पंजाब के पटियाला जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना में तीन भाइयों की मौत हो गई है। यह हादसा मुरादमाजरा से देवीगढ़ की ओर जाते समय हुआ जब चार युवक एक ही मोटरसाइकिल पर सवार थे। मोटरसाइकिल खड्डे में गिर जाने से तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चौथा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है।

मृतकों की पहचान राहुल (20), गुरविंदर (16) और विकास (16) के रूप में हुई है। ये तीनों आपस में ताए-चाचा के लड़के थे। इस घटना से पूरे परिवार में कोहराम मच गया है और इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चारों युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर देवीगढ़ की ओर जा रहे थे। रास्ते में एक खड्डा होने के कारण मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और खड्डे में जा गिरी। इस हादसे में तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घायल युवक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



## 24 वर्षीय छात्रा ने की आत्महत्या बेड के पास से मिला सुसाइड नोट

**सुपौल :** जिले में 24 साल की एक छात्रा ने आत्महत्या कर ली है। घटना सुपौल जिले की जदिया पंचायत स्थित वार्ड संख्या-4 की है । छात्रा की पहचान ऋचा कुमारी के रूप में हुई है । जानकारी के अनुसार आज सोमवार सुबह परिजनों ने ऋचा कुमारी को जगाने की कोशिश की, लेकिन ऋचा ने कमरे का दरवाजा नहीं खोला । परिजनों ने उसके सोये रहने की बात सोच कर थोड़ी देर छोड़ दिया । तकरीबन एक घंटे बाद आवाज लगाने पर भी छात्रा नहीं उठी, तो परिजन घबरा गये । फिर खिड़की से देखा तो ऋचा का शव फंदे से लटकता दिखा । जिसके बाद परिजनों पर मातम पसर गया । घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा ।

पुलिस ने ऋचा के बेड के पास से सुसाइड नोट बरामद किया: थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने वहां पहुंचकर मामले की पड़ताल की और कमरे के दरवाजे को तोड़ कर छात्रा के शव को नीचे उतारा । पुलिस ने ऋचा के बेड के पास से एक सुसाइड नोट बरामद किया है । जिसमें ऋचा कुमारी ने अपनी मर्जी से सुसाइड करने की बात लिखी है । थानाध्यक्ष ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि फिलहाल इस मामले में एक यूडी केस दर्ज किया जा रहा है । छात्रा दो बहनों और एक भाई में सबसे छोटी थी । व पीजी की पढ़ाई कर रही थी । इस घटना से पूरा परिवार सकते में है

## पीएम म्यूजियम का राहुल को लेटर पीएम नेहरू से जुड़े डॉक्यूमेंट्स लौटाएं

**2008 से सोनिया गांधी के पास हैं पर्सनल लेटर**




**नई दिल्ली:** पीएम म्यूजियम की ओर से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को लेटर लिखा गया है, जिसमें उनसे नेहरू से जुड़े डॉक्यूमेंट्स वापस करने की मांग की गई है। प्रधानमंत्री म्यूजियम और लाइब्रेरी सोसायटी के सदस्य रिजवान कादरी ने सोमवार को कहा कि 2008 में यूपीए कार्यकाल में 51 बक्सों में भरकर नेहरू के पर्सनल लेटर सोनिया गांधी के पास पहुंचाए गए थे। या तो सभी लेटर वापस किए जाएं, या फिर इन्हें स्कैन करने की इजाजत दी जाए, क्योंकि ये डॉक्यूमेंट्स पहले ही पीएम म्यूजियम का हिस्सा थे। रिजवान ने कहा कि सितंबर 2024 में भी मैंने सोनिया गांधी को लेटर लौटाने के लिए पत्र लिखा था। राहुल गांधी को रिजवान ने 10 दिसंबर को लेटर लिखा था। हालांकि, इसकी जानकारी अब सामने आई है। रिजवान जिन 51 बक्सों की बात कर रहे हैं, उनमें नेहरू के वे लेटर रखे हुए हैं, जो उन्होंने एडविना माउंटबेटन, अल्बर्ट आइंस्टाइन, जयप्रकाश नारायण, पद्मजा नायडू, विजयलक्ष्मी पंडित, अरुणा आसफ अली, बाबू जगजीवन राम और गोविंद बल्लभ पंत को लिखे थे। ऐसा क्या लिखा था, जो परिवार सामने नहीं लाना चाहता: भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा कि उन लेटर में ऐसा क्या लिखा था, जो गांधी परिवार नहीं चाहता कि वे बातें देश के सामने आएं। इस स्मारक में शुरू में सिर्फ नेहरू के ऐतिहासिक डॉक्यूमेंट्स ही मौजूद थे। बाद में पता चला कि 51 बक्से ऐसे भी थे, जिनमें नेहरू के एडविना माउंटबेटन, जेपी नारायण और कई अन्य नेताओं को लिखे गए पत्र थे। अब सवाल यह है कि क्या विपक्ष के नेता के तौर पर राहुल वाकई सोनिया गांधी से बात करेंगे कि वे इन पत्रों को देश को वापस लौटा दें।

## रेपिस्टों को नपुंसक बनाने की मांग पर केंद्र को नोटिस

**महिला और बाल विरोधी अपराध रोकने संबंधी याचिका पर सुनवाई को सुप्रीम कोर्ट तैयार**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट भारत में महिलाओं, बच्चों और ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के खिलाफ बढ़ते अपराधों से निपटने और उन्हें सुरक्षित वातावरण देने के लिए विभिन्न उपायों की मांग करने वाली याचिका को रिव्यू करने पर सहमत हो गया है। कोर्ट ने सोमवार को गृह मंत्रालय सहित केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों को नोटिस जारी कर इस पर जवाब मांगा है। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अखिल भारतीय दिशा-निदेर्शों की मांग करने वाली जनहित याचिका में बलात्कार के दोषियों की रासायनिक नसबंदी, पोर्नोग्राफी पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और विभिन्न मंत्रालयों को मामलों में कोई जमानत नहीं देने की मांग पर नोटिस भी भेजा है और चार सप्ताह में जवाब भी मांगा है। यह याचिका सुप्रीम कोर्ट महिला वकील एसोसिएशन की तरफ से सीनियर वकील महालक्ष्मी पावनी ने दायर की है। मामले की सुनवाई जनवरी 2025 में होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने पूछा, मस्जिद में जय श्रीराम का नारा लगाना अपराध कैसे: सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए अहम टिप्पणी की है। जस्टिस पंकज मित्तल और संदीप मेहता की पीठ ने पूछा कि किसी धार्मिक वाक्यांश का नारा लगाना अपराध कैसे हो सकता है। जय श्रीराम का नारा लगाना कैसे आपराधिक कृत्य है। याचिका में कर्नाटक हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें मस्जिद के अंदर कथित तौर पर जय श्रीराम का नारा लगाने वाले दो व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही रद्द कर दी गई थी। सर्वोच्च अदालत में फिर पहुंचा कथित धर्म संसद का विवाद: उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में यति नरसहानंद फाउंडेशन को कथित धर्म संसद आयोजित करने की राज्य सरकार के अनुमति देने के मामले को कई पूर्व वरिष्ठ नौकरशाहों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अदालत की अवमानना करार देते हुए राज्य की पुलिस और संबंधित जिला प्रशासन के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की है। सीजेआई संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस अवमानना याचिका पर तत्काल सुनवाई की अधिवक्ता प्रशांत भूषण की गुहार पर विचार करने का सोमवार को आश्वासन दिया और उन्हें याचिका के संबंध में अपने अनुरोध ई-मेल के जरिए भेजने को कहा।



## न्यूज ब्रीफ

### यूसिल कॉलोनी में जादूगोड़ा ब्रह्मर्षि समाज की बैठक

जमशेदपुर : यूसिल कॉलोनी में चंद्र भूषण सिंह के आवास पर ब्रह्मर्षि समाज बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता ब्रह्मर्षि समाज के अध्यक्ष उपेंद्र शर्मा ने की. बैठक में आगामी 26 जनवरी को जादूगोड़ा रंकिणी मंदिर में वनभोज सह मिलन समारोह प्रत्येक वर्ष की तरह इस साल भी मानने को लेकर फैसला किया गया.

बैठक में इसके अलावा आगामी 29 अप्रैल को भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाने का फैसला लिया गया. बैठक में ब्रह्मर्षि समाज के अध्यक्ष उपेंद्र शर्मा, सचिव चंद्र भूषण सिंह, कोषाध्यक्ष आर एन विद्यार्थी, प्रभात कुमार, मृत्युंजय कुमार दुबे, शशि भूषण शर्मा, राहुल कुमार, सुधीर कुमार कश्यप, संदीप कुमार शर्मा, मृत्युंजय कुमार सिंह, विद्या शर्मा समेत भारी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे.

### धनबाद में कुरियर कंपनी के ऑफिस में चोरी, लॉकर उखाड़कर ले गए चोर

**धनबाद:** जिला में एक कुरियर कंपनी के ऑफिस में चोरी की घटना हुई है। चोरों ने बाघमारा थाना क्षेत्र के डुमरा हरिणा हीरक रोड स्थित कुरियर ऑफिस में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने ऑफिस में दाखिल होकर लॉकर को उखाड़ दिया और उसे अपने साथ ले गए। ऑफिस से कुछ दूरी पर जाकर लॉकर में रखे लगभग 10 लाख रुपये चोरी कर चोर फरार हो गए और खाली लॉकर को जंगल में फेंक दिया।

सुबह इंचार्ज अर्जुन महतो जब ऑफिस पहुंचे तो उन्हें चोरी की घटना की जानकारी हुई। उन्होंने ऑफिस से लॉकर गायब पाया। इसके बाद उन्होंने घटना की सूचना बाघमारा थाना की पुलिस को दी। जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल में जुट गई है। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगाला। सीसीटीवी फुटेज में दो चोर कार्यालय के अंदर लॉकर को तोड़ते और उसके बाद अपने साथ ले जाते दिख रहे हैं।

चोरों की पूरी करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने अनुसंधान के क्रम में ऑफिस से कुछ दूरी पर स्थित जंगल में लॉकर को फेंका हुआ पाया। वहीं मामले की जांच के लिए फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम को बुलाया गया है।

इस संबंध में ऑफिस इंचार्ज अर्जुन महतो ने कहा कि चोरों ने लॉकर में रखे 10 लाख रुपये की चोरी की है। लॉकर को तोड़कर उससे पैसे निकालकर जंगल में फेंक दिया गया है। घटना की सूचना देने के बाद पुलिस टीम पहुंची थी और जांच-पड़ताल की है।

उन्होंने बताया कि दो से तीन दिन के सेल में मिले पैसे लॉकर को रखा गया था। लगभग 10 लाख चोरी हुई है। घटना के बाद ऑफिस बंद होने के कगार पर पहुंच गया है। ऑफिस बंद हुआ तो 35 से 40 युवा बेरोजगार हो जाएंगे। उन्होंने पुलिस से जल्द से जल्द मामले का उद्भेदन करने की मांग की है।

वहीं घटना को लेकर बाघमारा थाना प्रभारी चिरंजीत प्रसाद ने कहा कि कुरियर कंपनी के ऑफिस में चोरी की घटना हुई है। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी कैमरे के सहारे चोरों का पता लगाया जा रहा है। फिंगर प्रिंट टीम की भी मदद ली जाएगी।

### बोकारो में हैप्पी स्ट्रीट फिर से शुरू, बच्चे से लेकर बुजुर्ग ले रहे आनंद

**बोकारो:** सेल और बोकारो स्टील के द्वारा हैप्पी स्ट्रीट के तीसरे सीजन की शुरूआत की गयी। इस आयोजन में शहर के लोगों ने भाग लेते हुए हैप्पी स्ट्रीट का आनंद उठाया।

भारत के एकमात्र ग्लोबल एक्टिव सिटी बोकारो के सेक्टर 4 स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष इस हैप्पी स्ट्रीट का उद्घाटन बोकारो स्टील के निदेशक प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी ने किया। बोकारो सेक्टर 4 के गांधी चौक से बोकारो मॉल तक इस हैप्पी स्ट्रीट का आयोजन प्रत्येक रविवार को किया जाएगा।

इस आयोजन में विभिन्न स्कूल, विभिन्न सामाजिक संगठन, सीआईएफ सहित अन्य संस्थाओं के द्वारा कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस दौरान सुबह-सुबह उठकर बोकारो शहर में रहने वाले लोग अपने सेहत की चुस्ती और तंदुरुस्ती बनाए रखने के लिए वर्जिस करते भी नजर आए। जहां बच्चों ने आकर्षक नृत्य की भी प्रस्तुति की। वहीं सीआईएसएफ की महिला जवानों के द्वारा महिलाओं को सुरक्षा से संबंधित जानकारी भी दी गई। छोटे-छोटे बच्चे पेंटिंग, स्केचिंग और बॉक्सिंग भी करते नजर आए।

बोकारो स्टील सीआईएसएफ यूनिट के दिग्विजय सिंह ने कहा कि हमारी महिला जवानों ने महिलाओं के साथ होने वाले चेन स्नेचिंग सहित और अपराधों से बचने के लिए उन्हें तकनीक की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह महिलाओं के लिए लाभदायक होगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम लोगों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए जरूरी है।

वहीं बोकारो स्टील के निदेशक प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि हैप्पी स्ट्रीट का यह तीसरा संस्करण है, लोग दिसंबर के महीने में इसका इंतजार कर रहे थे। यह कार्यक्रम बोकारो के लोगों को स्वस्थ रहने के लिए एक अच्छा कदम है।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर खंडामौदा में अभिभावक सम्मेलन आयोजित

जमशेदपुर : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर खंडामौदा में अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जमशेदपुर जिला कार्यवाह तथा विद्यालय के संरक्षक मनोज कुमार गिरि ने दीप प्रज्?वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया।

इस सम्मेलन में बड़ी संख?या में अभिभावकों ने योगदान दिया। अभिभावकों के बीच विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इनमें सभी अभिभावकों ने उत्साह के साथ भाग लिया। अभिभावकों की ओर से मोमबत्ती जलाओ में सत्यव्रत बारीक, बैलून फोड़ में अमिता सिंह और सुई धागा में पुनः सत्यव्रत बारीक ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किए। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य तपन आचार्य, शिक्षक विजन कुमार धाड़ा, विश्वजीत मुंडा, खोकन मुंडा, विजय बेरा, धरम मुंडा, कृष्णा बारीक, सागरिका बेरा तथा सागरी बेसरा उपस्थित रहे।

### पोषण भी पढ़ाई भी तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**जमशेदपुर :** बहरागोड़ा प्रखंड सभागार में पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हुई। आज पहले दिन प्रशिक्षक संगीता कुमारी, सपानी मई कुदादा तथा प्रशांत कुमार महतो ने आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन तथा छोटे-छोटे बच्चों को गीत तथा अभिनय के माध्यम से शिक्षा प्रदान करने के बारे में कई सारी जानकारियां दीं। इस कार्यक्रम के तहत दूसरे दिन पोषण के बारे में तथा अंतिम दिन दिव्यांगता के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन के जिला समाज कल्याण शाखा की ओर से संचालित किया जा रहा है।

### विधायक ने पत्राचार किया

**बोकारो :** बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने बोकारो जिला उपायुक्त को विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न समस्याओं के निष्पादन हेतु पत्राचार किया। विधायक श्रीमती सिंह ने बिंदुवार सभी मामले को जैसे गोमदीडीह ग्राम स्थित प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक की कमी को देखते हुए विद्यालय में ज्यादा शिक्षको का प्रतिनियोजन किया जाए जिससे कि गांव के बच्चे बिना अवरुद्ध के शिक्षा ग्रहण कर सके। ग्राम पंचायत मांगों स्थित विद्यालय की चाहरदिवारी के अधूरे कार्य को जल्द से जल्द [illegible] फंड के माध्यम से पूर्ण किया जाए।

# पश्चिम सिंहभूम जिला के ग्रामीण व सुदूर क्षेत्रों में विकास गति हुई तेज, डीसी, एसपी पहुंच रहे हैं ग्रामीणों के बीच



**बिनय मिश्रा**

पश्चिम सिंहभूम जिला में उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर के साथ-साथ जिला प्रशासन के अधिकारियों का सामुहिक रूप से उपस्थिति ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद समस्याओं की जानकारी ग्रामीणों की पीड़ा, व्यथा जानने के साथ-साथ उनके साथ प्रगाढ़ संबंध बनाने की दिशा में की जा रही सार्थक पहल जिला के लिए बेहतर माना जा रहा है। अति सुदूर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में ग्रामीण जिला के उपायुक्त एवं एसपी को अपने समक्ष देखकर उनकी उपस्थिति से काफी हर्षित है क्योंकि जिला के आलाअधिकारी उन तक पहुंचकर रात्रि बेला में भी चैपाल के माध्यम से ग्रामीणों के सुख-दुख जानने के साथ-साथ इसके निवारण हेतु भी कारगर पहल कर रहे हैं। कड़ाके और भीषण ठंड के बीच भी जिला प्रशासन के द्वारा नायाब और कारगर पहल काफी हो रहा है सफल। जिला के सर्वोच्च अधिकारी अगर जमीनी सच्चाई और समस्याओं को जानने के लिए स्वयं निकल पड़े तो जिला के लिए यह काफी सुखद और उपलब्धि भरी बाते हैं। उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारी सुदूर क्षेत्र में ग्रामीणों के साथ जिस प्रकार से मैत्रिपूर्ण व्यवहार के साथ उनके बीच उपस्थित हैं तथा ग्रामीणों और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें खेल के प्रति प्रोत्साहित भी कर रहे हैं। इन खिलाड़ियों के बीच स्वयं उपस्थित होकर उनका मनोबल और ऊर्जा दोनों बढ़ा रहे हैं। खिलाड़ी भी काफी हर्षित हैं और आलाधिकारियों के समक्ष बेहतर खेल का प्रदर्शन भी कर रहे हैं। खिलाड़ियों को जिला प्रशासन के द्वारा प्रोत्साहित करने के लिए पारितोषिक भी प्रदान किये जा रहे हैं। इस प्रकार से कहा जा सकता है कि जिला प्रशासन के आला अधिकारियों ने विकास गति को तेज करने के साथ-साथ ग्रामीणों और लोगों को जिला प्रशासन के साथ जोड़ने में भी सफल रहे हैं जो मुख्य रूप से विकास का प्रत्यक्ष प्रमाण भी है।

## खेत में काम करने गए थे घर वाले पड़ोसी के घर मिली युवती की लाश

**युवती के पिता ने बताया कि वह अपने खलिहान में काम कर रहे थे इस बीच दिन में उसकी बेटी की मौत होने की सूचना मिली**



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गिरिडीह:** भेलवाघाटी थाना क्षेत्र के जगसिमर गांव में सोमवार को एक युवती का शव संदिग्ध परिस्थिति में पाया गया। घटना की जानकारी पाकर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घर से शव को बरामद किया। पुलिस को सूचना मिली थी कि जगसिमर गांव में एक युवती का शव उसके पड़ोसी के घर में है। सूचना पर भेलवाघाटी थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

युवती के पिता रोहन यादव ने बताया कि वह सोमवार को सुबह से ही अपने खलिहान में काम कर रहे थे। इस बीच दिन में उसकी बेटी की मौत होने की सूचना मिली। खलिहान से घर पहुंचने पर पता चला कि पड़ोसी के घर में उसकी पुत्री का शव पड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि उसकी बेटी सीमा की शादी चकाई थाना क्षेत्र के ठाकुरशेर गांव में दो वर्ष पहले हुई थी, लेकिन शादी के बाद से वह अपने मायके में ही रह रही थी।इधर पड़ोसी अजय उर्फ खीरू यादव की बहन रीना देवी का कहना है कि उसके माता-पिता सोमवार सुबह से ही खेत में काम करने चले गए थे। सुबह करीब 11 बजे गांव के ही दो तीन लोगों ने मृतक सीमा के शव को लाकर उसके घर में खाट पर रख दिया। सीमा की मौत कैसे हुई उसे जानकारी नहीं है।

घटना की सूचना पर भेलवाघाटी थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया। थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार ने बताया युवती का शव बरामद किया गया है। इस मामले में पीड़ित परिवार की ओर से न तो कोई बयान दिया गया है और न ही कोई आवेदन दिया गया है। हालांकि मामले की जांच चल रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 18 व 19 दिसंबर को मंडल स्तर पर सदस्यता अभियान की कार्यशाला आयोजित करेगी भाजपा

**कार्यशाला की शुरूआत महापुरुषों पर पुष्प अर्पित कर शुरूआत की गई**



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**बोकारो :** भाजपा झारखंड प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार संगठन महापर्व(सदस्यता अभियान-2024) के निमित्त आज जिला कार्यालय सह सांसद कार्यालय (सेक्टर-1) में जिला स्तरीय कार्यशाला आहूत की गई। मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह ,योगेश्वर महतो ,रोहित लाल सिंह, बिनय सिंह,अर्जुन सिंह, मुकेश राय, शंकर रजक, संजय त्यागी,अनिल स्वर्णकार, सदस्यता संयोजक संजय सिन्हा, गौर रजवार, अर्चना सिंह,विक्रम पांडेय उपस्थित रही। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जयदेव राय ने की। कार्यशाला की शुरूआत महापुरुषों पर पुष्प अर्पित कर शुरूआत की गई। कार्यशाला की प्रभारी प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान को गति देने की लिये 18 व 19 दिसंबर को मंडल स्तर पर सदस्यता अभियान की कार्यशाला आयोजित किया जायेगा। सदस्यता अभियान की शुरूआत 22 दिसम्बर को सभी शक्तिकेन्द्र पर होगा। एक शक्तिकेन्द्र मे कम से कम 250 सदस्य बनाया जायेगा। बूथो पर 23 व 24 दिसम्बर को बूथ स्तर पर होगा। प्राथमिक सदस्य अभियान 22 से 14 जनवरी 2025 तक पूर्ण करना है।

कार्यशाला में प्रदेश पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य, सांसद/पूर्व विधायक/पूर्व सांसद ,विधानसभा चुनाव - 2024 के प्रत्याशी , प्रदेश मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यसमिति सदस्य ,प्रदेश स्तरीय विभाग एवं प्रकोष्ठ के संयोजक /सह संयोजक ,जिला पदाधिकारी एवं कार्यसमिति ,पूर्व जिला अध्यक्ष ,जिला मोर्चा के अध्यक्ष एवं महामंत्री ,जिला एवं मंडल स्तरीय सदस्यता टोली ,मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री ,सभी मंडल प्रभारी ,जिला परिषद अध्यक्ष एवं सदस्य , ब्लॉक प्रमुख व उप प्रमुख अपेक्षित रहे।

### वाहन जांच अभियान चलाकर डीटीओ ने वसूला 02.23 लाख जुर्माना

**बोकारो :** राष्ट्रीय राजमार्ग पर बालीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत टॉल प्लाजा के पास परिवहन विभाग द्वारा देर रात चलाएं गए सघन वाहन जांच अभियान के दौरान 06 वाहनों से 02.23 लाख काजुर्माना वसूल किया गया। उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) वंदना शेजवलकर द्वारा विशेष जांच अभियान चलाकर मोटरवाहन अधिनियम के विभिन्न नियमों के उल्लंघन में कुल 06 वाहन से 02.23 लाख रुपए जुमार्ना वसूला गया। डीटीओ के नेतृत्व में अभियान के तहत कुल 40 वाहनों की जांच की गई, जिसमें रिफ्लेक्टिव टेप, ओवर लोडिंग एवं टैक्स फेल होने को लेकर 06 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुमार्ना वसूला गया।

## साइबर ठगी से बचने के लिए चलाया गया जागरुकता अभियान

**भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से की गयी थी पहल**

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सोमवार को बहरागोड़ा बाजार अवस्थित देव वाटिका में आरबीआई की ओर से साइबर ठगी से संबंधित जागरुकता अभियान चलाया गया। एलडीएम संतोष कुमार ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि लोगों को सजग रहने की जरूरत है। क्योंकि बैंक कभी भी पासवर्ड फोन के माध्यम से नहीं मांगता है। जब भी ऐसी आपके पास ऐसे फोन आए तो आप पहले अपने संबंधित बैंक में संपर्क कर विस्तृत जानकारी लें। उन्होंने सचेत किया कि किसी को भी ओटीपी न दें। ओटीपी देने से कुछ सेकंड में आपके अकाउंट से पैसा ट्रांसफर हो जाएगा। उन?होंने कहा कि कई सारे लोग फजीर्वाड़ा का शिकार होने के बाद थाना या बैंक का चक्कर लगा रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि फोन के माध्यम से किसी को ओटीपी न दें। इसके साथ ही अपने-अपने गांव के लोगों को इसके लिए भी सजग करें।

इस मौके पर आरबीआई के मैनेजर मानस कुमार बारिक, सहायक मैनेजर रंजीत शर्मा, उत्तम दीपक मुर्मू, बीओआई मोहनपुर के सहायक मैनेजर अंकित कुमार, दिव्येंदु हेंब्रम आदि उपस्थित थे।

## पोषण भी, पढ़ाई भी कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों का संपूर्ण विकास होगा : डीएसडब्ल्यूओ

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**बोकारो :** पोषण भी, पढ़ाई भी कार्यक्रम सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य जिले के बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है। यह कार्यक्रम बच्चों को सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, बल्कि स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक पोषण भी प्रदान करता है। उक्त कार्यक्रम के तहत जिले में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला परिषद कार्यालय के सभागार में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉक्टर सुमन गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं इसी कार्यक्रम के तहत गोमिया प्रखंड के सभागार में भी शुभारंभ किया गया। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी गोमिया सहित अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में चास ग्रामीण एवं गोमिया प्रखंड के लगभग 100 सेविकाएं भाग लिये। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी चास प्रदीप कुमार, बाल परियोजना पदाधिकारी चास, सुपरवाइजर एवं पर्यवेक्षक उपस्थित थी। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन कुमार गुप्ता ने कहा कि आईसीडीएस के तहत बच्चों को बौद्धिक विकास के लिए यह कार्यक्रम चलाया गया है। इसलिए आप सभी अस्थिर मन से प्राप्त अक्षरश पालन करते हुए प्रशिक्षण प्राप्त कीजिए तदोपरांत अपने-अपने केंद्रों में जाकर इससे इंप्लीमेंट करें। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉक्टर सुमन गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वस्थ बच्चे, उज्वल भविष्य, शिक्षा में सुधार एवं समाज में बदलाव है। इसके तहत कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य बच्चों को स्वस्थ और पोषित बनाना है ताकि वे बेहतर ढंग से सीख सकें और अपने जीवन में सफल हो सकें तथा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर भी जोर देता है ताकि वे अपने भविष्य के लिए तैयार हो सकें। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में पोषण और शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉक्टर सुमन गुप्ता ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को पोषक आहार दिया जाता है और उन्हें खेल-कूद और शिक्षण गतिविधियां करवाई जाती हैं तथा शिक्षकों को बच्चों को प्रभावी ढंग से पढ़ाने और उनके पोषण के बारे में जागरूक करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। इसके साथ साथ माता-पिता को बच्चों के पोषण और शिक्षा में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है तथा समुदाय के लोगों को भी इस कार्यक्रम में शामिल किया जाता है ताकि वे बच्चों के विकास में योगदान दे सकें। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉक्टर सुमन गुप्ता ने आंगनबाड़ी किट के बारे में बताया कि इस किट में कुल 80 किताबें हैं, जिसमें बच्चों से लेकर महिलाओं तक की जानकारी उपलब्ध है। इसमें रखें सभी किताबों को प्रैक्टिकल रूप से तैयार किया गया है ताकि बच्चों को सिखाने में बहुत ही आसानी हो सके। उन्होंने आगे बताया कि स्कूल जाने से पूर्व की तैयारी को लेकर बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र में भेजा जाता ताकि बच्चे को शुरूआती ज्ञान व जानकारी मिल सके। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉक्टर सुमन गुप्ता ने कार्यक्रम से बच्चों को बहुत लाभ होगा। इसके तहत बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर होगा। साथ ही साथ बच्चों की पढ़ाई में सुधार होगा और वे बेहतर अंक प्राप्त करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि इस कार्यक्रम से समाज का विकास होगा और देश का भविष्य सुरक्षित रहेगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी चास प्रदीप कुमार ने कहा कि यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में आपलोग पूरे मन लगाकर प्रशिक्षण प्राप्त करें तथा प्रशिक्षण के उपरांत अपने अपने आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर बच्चों को कैसे पढ़ाना है, कैसे बच्चों को बैठाना है, कैसे बच्चों को सीखाना है, यह सब बाते सीखकर ले, अपने अपने केंद्रों पर जाकर इंप्लीमेंट करें। बच्चों को क्या-क्या चीज खाना है क्या-क्या चीज नहीं खाना है इसके बारे में भी बच्चों को विस्तार पूर्वक जानकारी दें ताकि वह छोटे से ही उनका दिल दिमाग मजबूत हो। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर सह महिला पर्यवेक्षिका रेणु लता एवं स्मिता अखौरी तथा गोमिया प्रखंड में मास्टर ट्रेनर सह महिला पर्यवेक्षिका नीतू सिंह एवं कंचन कुमारी के द्वारा दिया गया।प्रशिक्षण के दौरान जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अनीता झा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

